

ममता ने भवानीपुर से भरा पर्चा किया शक्ति प्रदर्शन - 12



प्रधानमंत्री मोदी बोले- मुद्रा योजना से मजबूत हुई उद्यमशीलता की भावना - 12



किसी धर्म में कौन सी प्रथा अंधविश्वास अदालत को यह तय करने का अधिकार - 13



बिली जीन किंग कप में वैष्णवी व सहजा ने भारत को न्यूजीलैंड पर विजयी बढ़त दिलाई- 14


आज का मौसम
27.0° अधिकतम तापमान
17.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.54
सूर्यास्त 06.34

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

बरेली

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष सप्तमी 09:19 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 9 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 134, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


मतदान की तैयारी



असम, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को मतदान होगा। असम के कामरूप जिले में चुनाव की पूर्व संध्या पर अपने मतदान केंद्रों तक जाने के लिए ब्रह्मपुत्र नदी पार करने की तैयारी करते मतदान अधिकारी। ● एजेंसी

## प्रदेश में किसानों पर बारिश और तेज हवाओं का कहर

- पश्चिम से पूरब तक बिगड़ा मौसम 60 किमी की रफ्तार से चलीं हवाएं खेतों में बिछी गेहूं की पकी फसल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में आंधी-बारिश और ओलावृष्टि का सिलसिला बुधवार को भी जारी रहा और इसने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। रबी की तैयार खड़ी फसलों पर मौसम की मार पड़ने से बड़े नुकसान की आशंका है। गेहूं की फसल पर भारी मार पड़ी है, साथ ही सरसों और दलहन की फसलें भी प्रभावित हुई हैं। मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिमी उत्तर प्रदेश से शुरू हुआ मौसम बदलाव अब पूर्वी हिस्सों में भी सक्रिय हो गया है।



बरेली के बहेड़ी क्षेत्र में बारिश और तेज हवा से खेत में बिछी गेहूं की फसल।

सहारनपुर से लेकर सोनभद्र और आगरा तक मौसम का मिजाज बिगड़ गया है। कई जिलों में मंगलवार शाम पांच मिमी तक बारिश हुई और बुधवार को भी यह सिलसिला जारी रहा। कहीं-कहीं तेज हवाओं के साथ काफी तेज बारिश हुई। इससे खेतों में तैयार खड़ी गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचा। किसानों के मुताबिक कई दिनों से मौसम बिगड़ा होने की वजह से फसल में पहले से नमी थी। अब तेज बारिश और तेज हवाओं से गेहूं की खड़ी फसल खेतों में बिछ गई है। इससे दानों की गुणवत्ता प्रभावित होगी और पैदावार में भी भारी कमी आएगी। किसान फसल कटाई की तैयारी कर रहे थे।

### दो दिन और बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाएं

बारिश और तेज हवाओं का दौर बृहस्पतिवार तक जारी रहेगा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार यह बदलाव पूरे प्रदेश में फैल चुका है। वैज्ञानिक मो. दानिश ने बताया कि गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा, इटावा सहित कई जिलों में 50–60 किमी घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। अन्य जिलों में भी 30–40 किमी तेज हवा के आसार हैं। अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी और इटावा समेत कई इलाकों में ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। लखनऊ, सीतापुर, बाराबंकी, रायबरेली सहित कई जिलों में मेघगर्जन और वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है।

### किसानों को तुरंत दें राहत, देरी बर्दाश्त नहीं: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में वर्षा और ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को त्वरित राहत देने के निर्देश दिए। कहा, निष्पक्ष सर्वे कर प्रभावित किसानों को समयबद्ध क्षतिपूर्ति दी जाए। राजस्व और कृषि विभाग तत्काल नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट शासन को भेजें और बीमा कंपनियों के साथ समन्वय कर फसल बीमा दावों का तेजी से निस्तारण कराएं। जनहानि या पशुहानि की स्थिति में 24 घंटे के भीतर राहत राशि दी जाए। जिन परिवारों के घर क्षतिग्रस्त या नष्ट हुए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत घर उपलब्ध कराया जाए।

## ब्रीफ न्यूज

### गोवा : लूथरा बंधुओं को मिली जमानत

**पणजी।** गोवा की एक अदालत ने आग से तबाह हुए नाइटक्लब 'बर्च बाय रोमियो लेन' के मालिक सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को जालसाजी के मामले में बुधवार को जमानत दे दी, जिससे उनकी जेल से रिहाई का रास्ता साफ हो गया। लूथरा बंधुओं को इससे पहले पिछले साल दिसंबर में लगी भीषण आग से संबंधित एक मामले में जमानत मिल चुकी है। इस घटना में 25 लोगों की मौत हो गई थी। लूथरा बंधुओं का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता पराग राव ने बताया कि न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (मापुसा) जूड सेक्वेरा ने जालसाजी मामले में आरोपियों को नियमित जमानत दे दी है।

### गुजरात : अमरेली जिले में तीसरी बार भूकंप

**अहमदाबाद।** गुजरात के अमरेली जिले में बुधवार को फिर 3.3 तीव्रता का भूकंप आया। हालांकि इस दौरान जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। गांधीनगर स्थित भूकंपीय अनुसंधान संस्थान के अनुसार, तड़के 3:58 बजे भूकंप आया। इसका केंद्र अमरेली से लगभग 42 किमी दक्षिण–दक्षिण–पूर्व में 9.6 किमी की गहराई पर था। 29 मार्च को भी शाम 4:10 बजे भूकंप का झटका महसूस किया गया था, जिसका केंद्र अमरेली से लगभग 42 किमी दक्षिण–दक्षिण–पूर्व में 11.6 किमी की गहराई पर था। आईएसआर के अनुसार, 30 मार्च को सुबह 11:53 बजे उसी स्थान पर 2.6 तीव्रता का एक और भूकंप आया था।

# नेतन्याहू ने युद्धविराम पर पानी फेरा, बेरूत पर बरसाए बम, 112 मरे, होर्मुज फिर बंद

## ईरान ने कहा- लेबनान पर बमबारी हम पर हमला, इजराइल को कड़ा जवाब देंगी हमारी सेनाएं

बेरूत, एजेंसी

पाकिस्तान की मध्यस्थता में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ईरान के साथ दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा करने के कुछ ही घंटों बाद इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शांति की इस पहल पर पानी फेर दिया। इजराइल ने बुधवार दोपहर बिना किसी चेतावनी के मध्य बेरूत के घनी आबादी वाले कई आवासीय और वाणिज्यिक क्षेत्रों पर हवाई हमले किए। इनमें करीब 112 लोगों की मौत हो गई और 800 से अधिक लोग घायल हो गए। लेबनान पर इजराइल के हमलों से नाराज ईरान ने जवाब में होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर बंद कर दिया।

ईरान के अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड के एयरोस्पेस कमांडर जनरल सैयद माजिद मूसावी ने एक्स पर पोस्ट किया, लेबनान के खिलाफ दिखाई गई आक्रामकता ईरान के खिलाफ आक्रामकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि ईरानी सेनाएं इसका कड़ा जवाब देने की तैयारी कर रही हैं। पाकिस्तान के माध्यम से ईरान की ओर से 10 सूत्री प्रस्ताव प्राप्त होने के बाद ट्रंप ने बुधवार को दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा की थी। स्थायी शांति के लिए शुक्रवार से इस्लामाबाद में वार्ता शुरू होना तय हुआ था। इसके बाद ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को खोल दिया था।



बेरूत में इजराइली हमले के बाद लगी आग पर पानी की बौछार करते दमकलकर्मी।

### ईरान में मौजूद भारतीय नागरिक जल्द निकलें : भारत

दुबई। अस्थायी युद्धविराम की घोषणा के बाद भारत ने बुधवार को ईरान में अपने नागरिकों को हाल के घटनाक्रमों के मद्देनजर तेहरान स्थित अपने दूतावास की ओर से सुझाए गए मार्गों का उपयोग करते हुए देश से शीघ्र बाहर निकलने की सलाह दी। दूतावास ने यह भी दोहराया कि बिना दूतावास से पूर्व परामर्श और समन्वय किए किसी भी अंतरराष्ट्रीय भूसीमा के पास जाने या उस ओर जाने का कोई प्रयास न किया जाए।

### समझौता हिजबुल्ला पर लागू नहीं : इजराइल

- पाकिस्तान ने कहा था- हर जगह रोके जाएंगे हमले

इजराइल ने लेबनान पर हमले के बाद दोहराया कि ईरान के साथ हुआ युद्ध विराम समझौता लेबनान में तेहरान के समर्थन वाले उग्रवादी समूह हिजबुल्ला के साथ उसकी लड़ाई पर लागू नहीं होता। ट्रंप ने भी कहा कि लेबनानी उग्रवादी समूह हिजबुल्ला की वजह से लेबनान को युद्धविराम समझौते में शामिल नहीं किया गया गया है। उन्होंने लेबनान पर इजराइल के ताजा हमलों के बारे में पूछे जाने पर कहा कि वह एक अलग लड़ाई है। हालांकि, समझौते में मध्यस्थता करने वाले पाकिस्तान ने पहले कहा था कि ईरान युद्ध में दो हफ्ते के युद्धविराम के तहत इजराइल अपने हमले रोक देगा। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घोषणा की थी कि अमेरिका, इजराइल लेबनान समेत हर जगह युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं और यह समझौता तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

### 10 मिनट में ही 100 से ज्यादा ठिकानों पर बमबारी

इजराइली सेना ने मध्य बेरूत, दक्षिणी लेबनान और पूर्वी बेका घाटी में 10 मिनट के अंतराल में ही हिजबुल्ला के 100 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाया। उसने इस कार्रवाई को मौजूदा युद्ध में सबसे बड़ा समन्वित हमला करार दिया। बेरूत के कई हिस्सों में धुएं का गुबार उठता दिखाई दिया। हमले में एक आवासीय इमारत और कई वाहनों में आग लग गई। आग में फंसे लोगों को बचाने के लिए आपातकालीन दल मौके पर पहुंचे।

### सड़क पर और वाहनों में दिखे लोगों के जले शव

इजराइल के हमले के बाद बेरूत के कॉर्निशे अल माजरा में सड़क पर और वाहनों के अंदर लोगों के जले हुए शव पड़े दिखाई दिए। इजराइली सेना ने कहा कि उसने मिसाइल प्रक्षेपण स्थलों, कमान केंद्रों और खुफिया बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया। उसने हिजबुल्ला पर नागरिकों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।

## झूमा बाजार... सेंसेक्स में 2,946 अंकों का उछाल

मुंबई, एजेंसी

ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच करीब 40 दिन से जारी संघर्ष में युद्धविराम की घोषणा होने से भारतीय शेयर बाजार झूम उठा। युद्धविराम के साथ कच्चे तेल के दाम में भारी नरमी आने के बाद सेंसेक्स में 2,946 अंकों का उछाल आया और निफ्टी भी 873 अंक बढ़कर 24,000 के पार पहुंच गया।

व्यापारियों के मुताबिक भारतीय शेयर बाजार पर आरबीआई के नीतिगत दर रेपो को यथावत रखने का निर्णय, सभी क्षेत्रों में भारी लिवाली और अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में मजबूती का भी असर पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स कारोबार के दौरान एक समय 3,018.96 अंक चढ़कर 77,635.54 अंक पर पहुंच गया था और अंत में 2,946.32 अंक यानी 3.95 प्रतिशत बढ़कर 77,562.90 अंक पर बंद हुआ। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 873.70 अंक यानी 3.78 प्रतिशत बढ़कर 23,997.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 901.5 अंक चढ़कर 24,025.15 अंक पर पहुंच गया था। बाजार में लगातार पांचवें दिन तेजी रही।



- निफ्टी ने ली 873 अंकों की बढ़त 24,000 के पार निकला

### 16.25 लाख करोड़ बढ़े

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में तेजी आने से निवेशकों की संपत्ति 16.25 लाख करोड़ की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 16,25,093.09 करोड़ रुपये बढ़कर 4,45,51,402 करोड़ रुपये हो गया।

### 16% टूटा ब्रेंट क्रूड

होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित आवागमन के संकेत के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की कीमत में तेजी से गिरावट आई और यह 92 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गईं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड करीब 16 प्रतिशत टूटा।

### रुपया 52 पैसे मजबूत

अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया बुधवार को 52 पैसे मजबूत हुआ और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 92.54 रुपये का बोला गया। पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 16 पैसे टूटकर 93.06 रुपये प्रति डॉलर पर रही थी।

## पीएंडके उर्वरकों पर 41,534 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच वैश्विक कीमतों में बढ़ोतरी से किसानों को राहत देने के लिए खरीफ सत्र 2026 के लिए फॉस्फेटिक एवं पोटाश (पीएंडके) उर्वरकों पर सब्सिडी को 12 प्रतिशत बढ़ाकर 41,534 करोड़ रुपये कर दिया है। खरीफ सत्र 2025 में सरकार ने पीएंडके उर्वरकों पर 37,216 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में यह फैसला लिया गया। यह उर्वरक सब्सिडी एक अप्रैल से 30 सितंबर, 2026 तक की अवधि के लिए लागू रहेगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि खरीफ सत्र 2025 की तुलना में आगामी फसल सत्र के लिए देय सब्सिडी में 4,317 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी की गई है। सरकार ने खरीफ सत्र 2026 के लिए पोषक तत्वों पर सब्सिडी दर तय की है।

इसके तहत नाइट्रोजन पर 47.32 रुपये प्रति किलोग्राम, फॉस्फेट पर 52.76 रुपये प्रति किलोग्राम, पोटाश पर 2.38 रुपये प्रति किलोग्राम और सल्फर पर 3.16 रुपये प्रति किलोग्राम सब्सिडी दी जाएगी। वर्ष 2010 से लागू 'पोषक तत्व आधारित सब्सिडी' (एनबीएस) योजना के तहत पीएंडके उर्वरकों पर सब्सिडी दी जाती है। यह सब्सिडी पीएंडके उर्वरकों की 28 किस्मों के लिए दी जाती है।



- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने खरीफ सत्र के लिए सब्सिडी में की 12 % की वृद्धि

### मंत्रिमंडल के अन्य फैसले

- घरेलू रिफाइनिंग और पेट्रोरसायन क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से राजस्थान तेल रिफाइनरी परियोजना की लागत बढ़ाकर 79,459 करोड़ रुपये करने को भी कैबिनेट ने मंजूरी दी है।
- जयपुर मेट्रो के दूसरे चरण को मंजूरी। यह 41 किमी लंबा उत्तर–दक्षिण कॉरिडोर राजस्थान की राजधानी में शहरी संपर्क को बढ़ाने और यातायात के दबाव को कम करने में बड़ी भूमिका निभाएगा।
- अरुणाचल प्रदेश में दो प्रमुख जलविद्युत परियोजनाओं के निर्माण के लिए 40,150 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी। नवीकरणीय ऊर्जा के विकास और क्षेत्रीय बुनियादी ढांचे को गति देने के लिए कदम।

## हवाई अड्डों पर लैंडिंग-पार्किंग शुल्क को घटाने का आदेश

**नई दिल्ली।** सरकार ने विमान सेवा कंपनियों को बड़ी राहत देते हुए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) की ओर से संचालित बड़े हवाई अड्डों से इतर सभी एयरपोर्ट पर लैंडिंग एवं पार्किंग शुल्क में 25 प्रतिशत की कटौती का आदेश दिया है।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय के आदेश में इस फैसले के पीछे पश्चिम एशिया में जारी संकट का जिक्र किया गया है और कहा गया है कि इससे विमान सेवा कंपनियों की बढ़ती लागत के कारण टिकट की कीमतों में तेज वृद्धि को नियंत्रित किया जा सकेदा। कहा गया है कि एएआई बड़े हवाई अड्डों के इतर अपने सभी हवाई अड्डों पर लैंडिंग एवं पार्किंग शुल्क में तीन महीने के लिए स्वीकृत दर से 25 प्रतिशत की कटौती करेगा। सभी घरेलू उड़ानों के लिए मंगलवार को जारी यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

- टिकट के दाम नियंत्रित रखने के लिए सरकार का कदम

## श्रीनगर: आतंकियों से संबंध रखने पर दो सरकारी कर्मी बर्खास्त

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति के तहत दो सरकारी कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी हैं।

अधिकारियों के मुताबिक बर्खास्त कर्मचारियों में फरहत अली खंडेय और मोहम्मद शफी डार शामिल हैं। इन पर आतंकवादियों से संबंध रखने का आरोप था। दोनों कर्मचारियों की बर्खास्तगी संविधान के अनुच्छेद 311(2)(सी) के तहत की गई है और यह सरकारी तंत्र में घुसपैठ कर रहे आतंकवादियों को जड़ से उखाड़ फेंकने को लेकर जारी अभियान का हिस्सा है।

## संकट में सतर्कता : रेपो दर में कोई बदलाव नहीं

मुंबई, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक ने वैश्विक स्तर पर जारी अनिश्चितता के बीच महंगाई बढ़ने के जोखिम को देखते हुए बुधवार को नीतिगत दर रेपो को उम्मीद के मुताबिक 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा। केंद्रीय बैंक ने इसके साथ सतर्क रुख अपनाते हुए 'देखो और इंतजार करो' की नीति का रुख अपनाया है।

चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा पश्चिम एशिया में 40 दिन चले युद्ध के कारण कच्चे तेल दाम में भारी तेजी के बीच तब हुई है, जब ईंधन आयात पर निर्भर भारत के लिए मुद्रास्फीतिक दबाव बढ़ा है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा, एमपीसी ने आम सहमति से रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। इसके साथ ही मौद्रिक नीति के मामले में तटस्थ रुख भी बनाए रखा है। इसके साथ ही आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है जो वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुमानित 7.6 प्रतिशत से कम है।



- भारतीय रिजर्व बैंक ने 5.25 प्रतिशत पर यथावत रखा
- 2026-27 में वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान

### जस की तस रहेगी ऋणों की मासिक किस्त

रेपो वह ब्याज दर है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। रेपो दर को यथावत रखने के फैसले से आवास, वाहन और वाणिज्यिक कर्ज की मासिक किस्त जस की तस बने रहने की संभावना है। सरकार की पिछले महीने आरबीआई के लिए नए मुद्रास्फीति लक्ष्य की घोषणा के बाद यह पहली मौद्रिक नीति समीक्षा है।

भविष्य की रूपरेखा

मुख्यमंत्री ने कृषि विज्ञान कांग्रेस–2026 का किया शुभारंभ, तकनीक व नवाचार पर दिया जोर

## कृषि को प्रोडक्शन से प्रॉस्पेरिटी तक ले जाने का समय : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छठी उत्तर प्रदेश कृषि विज्ञान कांग्रेस-2026 का शुभारंभ करते हुए कृषि के समग्र विकास का रोडमैप प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि अब समय है कि कृषि को प्रोडक्शन से प्रोडक्टिविटी, प्रॉफिटेबिलिटी और अंततः प्रॉस्पेरिटी तक ले जाया जाए, क्योंकि किसान की समृद्धि ही विकसित भारत की आधारशिला है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सीमित कृषि भूमि (11 प्रतिशत) के बावजूद देश के खाद्यान्न उत्पादन में लगभग 21 प्रतिशत योगदान दे रहा है, जो किसानों की मेहनत और नीतिगत सुधारों का परिणाम है। उन्होंने बताया कि राज्य की कृषि विकास दर आठ प्रतिशत से बढ़कर करीब 18 प्रतिशत तक पहुंची है। सीएम ने कृषि में एआई, ड्रोन, सैटेलाइट और सेंसर आधारित तकनीक के उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने पारंपरिक 'लैब टू लैंड' मॉडल के बजाय 'लैंड इज लैब' की अवधारणा को अपनाने की बात कही। इस अवसर पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, उप्र गोसेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, प्रमुख सचिव कृषि रविंद्र कुमार, उप्र कृषि अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष कैप्टन (सेवानिवृत) विकास गुप्ता, इक्रीसैट हैदराबाद के महानिदेशक प्रो. हिमांशु पाठक, उपकार के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह, भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. दिनेश सिंह आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में दीप प्रज्ज्वलित करते मुख्यमंत्री योगी।

### गन्ना भुगतान व्यवस्था सुधरी 6-7 दिन में दिया जा रहा पैसा

योगी ने बताया कि प्रदेश में अब अधिकांश चीनी मिलें छह–सात दिनों में गन्ना भुगतान कर रही हैं और 3.15 लाख करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किसानों को दिया जा चुका है। यूपी देश में एथेनॉल उत्पादन में भी अग्रणी बन चुका है।

### आत्मनिर्भर कृषि पर जोर

योगी ने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि खाद्य सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भर कृषि आवश्यक है। स्थानीय उत्पादन, प्रसंस्करण और बाजार व्यवस्था को मजबूत करना समय की जरूरत है। उन्होंने किसानों, वैज्ञानिकों और सरकार के बीच समन्वय को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि कृषि को टिकाऊ, लाभकारी और आधुनिक बनाना ही भविष्य का मार्ग है।

## न्यूज ब्रीफ

### एसपी के आदेश पर मारपीट की रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार :** एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें मोहल्ला दुर्गाप्रसाद निवासी प्रीति पत्नी मोहित गंगवार ने बताया कि 21 मार्च को वह घर के बाहर स्थित दुकान पर थी। पुरानी रंजिश के चलते उसके जेठ हरवेंद्र कुमार उर्फ हरीश, जेठानी मीरा देवी, उत्कर्ष, पार्थ, वीरेंद्र कुमार गाली गलौज करते हुए दुकान में घुस आए। विरोध करने पर हमला कर पिटाई कर दी। शोर सुनकर पति बचाने आए तो उनको भी पीटा। 11 वर्षीय पुत्र अनिरुद्ध की भी पिटाई की। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### स्वच्छता के प्रति लोगों को किया जागरूक

**मझोला, अमृत विचार :** नगर पंचायत गुलड़िया भिंडारा के वार्ड नंबर पांच और दस में बुधवार को नुक्कड़ नाटक के जरिए स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण को प्रोत्साहित किया। पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। बताया कि घर व आसपास गंदगी रखने, कचरा इधर-उधर फेंकने से किस प्रकार विभिन्न बीमारियां फैलती हैं और पर्यावरण प्रदूषित होता है।

### विवाहिता को घर से निकाला, एफआईआर

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम रूपपुर कमालू निवासी गुड्डी देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी 10 माह पूर्व कुलदीप से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर प्रताड़ित करते थे। दहेज में 20 लाख रुपये की मांग करते थे। 16 मार्च को उसके पुत्री का जन्म हुआ। पहले छह अप्रैल को शाम पांच बजे मारपीट कर घर से निकालने का प्रयास किया। विरोध पर बच्ची के साथ घर से निकाल दिया। पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### मां और बेटी के साथ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम नौगवां पकड़िया निवासी रेखा रानी पत्नी राजेश कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह मायके में रह रही है। उसका भाई नशा करके मारपीट करता है। उसकी पत्नी सुमन देवी भी उसके साथ मारपीट करती है। आरोपियों ने उसे और उसकी मां सुमित्रा देवी के साथ मारपीट की और धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# जनपद में शताब्दी देख चुके ब्रिटिशकालीन पुलों के संरक्षण को लेकर शुरू की कवायद


## जिला अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को लिखा पत्र, पुलों को संरक्षित करने का अनुरोध

- **हरदोई ब्रांच नहर पर बने हैं चार पुल, सामाजिक कार्यकर्ता की मांग पर की पहल**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** जनपद की ऐतिहासिक धरोहरों को सहेजने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक बड़ी पहल की है। जनपद में हरदोई ब्रांच नहर पर 100 साल पहले बने ब्रिटिशकालीन पुलों के संरक्षण को लेकर डीएम ने पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को पत्र भेजा है। उन्होंने इन पुलों को संरक्षित करने का अनुरोध किया गया है।

शहर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता शिवम कश्यप ने बीते माह डीएम ज्ञानेंद्र सिंह से हरदोई ब्रांच नहर पर ब्रिटिश काल में बने पुलों को संरक्षित करने की मांग उठाई थी। उन्होंने प्रार्थना देकर अवगत कराया कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए विश्व स्तर पर विख्यात है।


हरदोई ब्रांच नहर पर ब्रिटिश काल में बना पुल। ● अमृत विचार

चूका गेट और मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस के समीप से गुजरने वाली हरदोई ब्रांच नहर का वातावरण अत्यंत मनोरम है। इस नहर पर ब्रिटिश शासन काल के दौरान कई पुलों का निर्माण कराया गया था, जो न केवल इंजीनियरिंग का बेजोड़ नमूना हैं, बल्कि इस क्षेत्र की सुंदरता में चार चांद लगाते हैं। मगर, समय बीतने के साथ और भारी आवागमन के चलते इनमें से कई पुल जर्जर और धराशायी होने की कगार पर हैं। इनमें डगा पुल और कलीनगर-माधोटांडा मुख्य मार्ग पर स्थित कलीनगर पुल प्रमुख रूप से शामिल हैं। उन्होंने इन ऐतिहासिक पुलों को पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की लखनऊ सर्किल के अंतर्गत संरक्षित करने का अनुरोध किया था। इधर सामाजिक कार्यकर्ता की पहल को डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने बेहद संजीदगी से लिया है। इस संबंध में डीएम ने राज्य पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधीक्षक को पत्र लिखा है। डीएम ने सामाजिक कार्यकर्ता के पत्र को शामिल करते हुए ब्रिटिशकालीन पुलों के संबंध में अपने स्तर से नियमानुसार कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

### 100 साल पहले बनाए गए थे चार पुल

कलीनगर तहसील क्षेत्र में बाइफरकेशन से हरदोई ब्रांच नहर निकाली गई है। ब्रिटिश काल के दौरान वर्ष 1920 के आसपास इस नहर पर चार पुलों का निर्माण कराया गया था। अमूमन कंक्रीट से बने पुराने पुलों की मियाद 100 वर्ष मानी जाती है। ऐसे में यह पुल करीब पांच साल पहले ही अपनी मियाद पूरी कर चुकें है। इसके बाद भी जिम्मेदारों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। करीब छह वर्ष पूर्व हरदोई ब्रांच नहर पर पीलीभीत-पूरनपुर हाईवे पर बना पुल धंस गया था। कई दिन तक वैकल्पिक रास्तों के सहारे वाहनों को गुजारा गया था। बाद में मरम्मत कराने के बाद इस पुल से आवागमन शुरू कराया गया था। हालांकि अब यहां बनाए गए नए पुल से आवागमन हो रहा है। बीते से मार्च माह में इसी नहर पर बने दूसरे डगा पुल में भी दरार पड़ने के बाद इसे दीवार खड़ी कर बंद कर दिया गया था। डगा पुल बंद हुए तीन माह बीत ही पाए थे कि इस नहर पर बला तीसरा कलीनगर पुल भी क्षमता से अधिक भार गुजरने से क्षतिग्रस्त हो गया। इसे भी अब दीवार खड़ी कर बंद कर दिया गया है।

# क्षेत्र पंचायत की बैठक में 43 कार्यों के प्रस्ताव पास



क्षेत्र पंचायत की बैठक में ब्लॉक प्रमुख व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार :** ब्लॉक मरौरी के सभागार में बुधवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा की अध्यक्षता में हुई। राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के प्रतिनिधि ओमप्रकाश वर्मा, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद के प्रतिनिधि बलवीर सिंह शामिल हुए।

सर्वप्रथम बैठक में एडीओ पंचायत मेहरवान सिंह राना ने क्षेत्र पंचायत की पिछली बैठक की कार्यवाही पढ़कर सुनाई गई। आरईडी के अवर अभियंता नरेन्द्र कुमार जैसल, सीडीपीओ अनीता चौधरी समेत अन्य अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। बीडीओ लियाकत अली ने भी विचार रखे। बैठक में 48 ग्राम प्रधान और 67 क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही बैठक में 43 कार्यों के प्रस्ताव पारित हुए। अन्त में ब्लॉक प्रमुख ने ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्यों का आभार व्यक्त कर बैठक समाप्ति की घोषणा की।

# आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिए टिप्स

**पीलीभीत, अमृत विचार :** डिवाइन कॉलेज में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए महिला कल्याण विभाग की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

प्राचार्य डॉ. नीरज कुमार जायसवाल, डॉ.हरचरन लाल के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके शुरुआत कराई गई। परिवहन विभाग की मालकर अधिकारी बर्डिस चतुर्वेदी ने छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों का महत्व बताया। कहा कि दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें और वाहन चलाते वक्त मोबाइल का इस्तेमासन न करें। घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को राहवीर योजना के अन्तर्गत सरकार की ओर से 25 हजार रुपये प्रोत्साहन दिया जाता है। जिला मिशन कॉर्डिनेटर महिला कल्याण विभाग सुवर्णा पाण्डेय ने बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, शिक्षा एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए विचार व्यक्त किए। महिला थाना से पहुंची रीता कुमारी ने साइबर हेल्पलाइन 1930, आपातकालीन पुलिस सेवा 112, एम्बूलेंस सेवा 108, चाइल्डलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, एम्बूलेंस हेल्पलाइन 102, वीमेन पावर लाइन 1090 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पांच छात्राएं दीपा कुमारी, शिवांगी वर्मा, मनुपाल, मानसी कश्यप, कोमल को पुरस्कृत किया गया। समन्वयक राजेश कुमार, संचालक सुखपाल सिंह ने विचार रखे। प्राचार्य ने आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय निदेशिका चारू धवन, चेयरमैन आरके धवन ने आभार जताया।



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व छात्राएं। ● अमृत विचार

# रहस्यमय ढंग से युवक लापता

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के राजीव कॉलोनी बरहा निवासी राजेंद्र प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका 20 वर्षीय पुत्र शिवम पांच अप्रैल को सुबह 10 बजे अपने चार पहिया वाहन को गैराज से निकालकर गौहनियां चौराहे तक जाने की बात कहकर निकला था। शाम तक शिवम घर वापस नहीं आया तो खोजबीन शुरू की। कॉल करने पर भी संपर्क नहीं हो सका। रातभर उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। छह अप्रैल को सुबह 11 बजे शिवम से बात हुई तो शिवम ने बताया कि वह केशव गुप्ता नाम के व्यक्ति के साथ है। उसने केशव का मोबाइल नंबर भी दिया। थोड़ी देर बाद जब उन्होंने केशव को फोन किया तो केशव ने शिवम के बारे में जानकारी होने से इंकार कर दिया। गाड़ी को 10 हजार रुपये में अपने पास गिरवीं रखने की बात कही। पीड़ित ने शिवम के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की।

# इरम बनीं डीएम और रिया डीडीओ

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को प्रशासनिक कार्यप्रणाली से परिचित कराया गया। राम लुभाई साहनी राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राएं एक दिन के अफसर बनी। उन्होंने कामकाज देखा और समझा।

बुधवार को हुए इस विशेष कार्यक्रम के तहत बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा इरम एक दिन की डीएम जबकि बीएससी द्वितीय वर्ष की रिया गंगवार डीडीओ बनाई गई। डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह ने इरम और रिया को डीडीओ संजय कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। डीएम बनी इरम ने लोगों की समस्याओं को सुना और समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान एक विधवा महिला अपने पुत्र द्वारा प्रताड़ित किए जाने की शिकायत लेकर पहुंची, जिस पर इरम ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनकर उनका निराकरण सुनिश्चित करें। एक दिन की डीडीओ बनी रिया गंगवार ने कार्यालय में पहुंचने वाले फरियादियों को सुना व समाधान का प्रयास किया। अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्हें एक दिन के लिए डीएम-डीडीओ बनने का अवसर प्राप्त हुआ, जिससे उन्हें अत्यंत खुशी हुई। बताया कि अधिकारी बनने का उनका सपना है और एक दिन के लिए ही सही, उन्हें इस पद पर बैठकर कार्य करने का अवसर मिला। प्राचार्य डॉ. सचिन गिहार ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्राओं में नेतृत्व क्षमता एवं आत्मविश्वास का विकास करते हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बरखा ने बताया कि मिशन शक्ति के अंतर्गत छात्राओं को सशक्त बनाने के लिए इस तरह की गतिविधियां निरंतर आयोजित की जाती रहेंगी।



फरियादियों को सुनती छात्रा इरम।


छात्रा रिया का अभिनंदन करते डीडीओ।

# भाजपा धूमधाम से मनाएगी डॉ. आंबेडकर की जयंती

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर 14 अप्रैल को होने वाले भारत रत्न संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की जन्म जयंती के निमित्त कार्य योजना बैठक बुधवार को हुई। जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में रुपरेखा तय की गई।

कार्यक्रम के जिला संयोजक भाजपा जिला उपाध्यक्ष लेखराज भारती ने बताया कि पार्टी के छह मुख्य कार्यक्रमों में से एक डॉ.भीमराव आंबेडकर की जयंती का भी कार्यक्रम है। 14 अप्रैल की पूरी तैयारी कर ली गई है। जिले के समस्त 35 स्थानों पर आंबेडकर की प्रतिमाओं पर कार्यक्रम के लिए संयोजक नियुक्त कर दिए गए हैं।


बैठक में जिलाध्यक्ष, कार्यक्रम संयोजक व अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

13 अप्रैल की शाम को स्वच्छता और दीप प्रज्जवलन का कार्यक्रम होगा। 14 को आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण, संविधान और बाबा साहब के बारे में पाठ किया जाएगा। इसके अतिरिक्त यह कार्यक्रम 14 तारीख को सभी बूथों पर मनाया जाएगा। समस्त विधानसभाओं में गोष्ठी का कार्यक्रम है जिसमें विधानसभा स्तर पर कार्यक्रम संयोजक नियुक्त किए हैं।

# विधायक ने स्कूल को दिया अनुदान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पूरनपुर ब्लॉक के दूरस्थ प्राइमरी विद्यालय चोखापुरी में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि बीएसए रोशनी सिंह ने रहीं। नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर सभी को स्कूल किट प्रदान की और प्रेरित किया।

लखनऊ सरोजनी नगर के विधायक राजेश्वर सिंह ने स्कूल को एक कंप्यूटर, स्मार्ट बोर्ड और कक्षा पांच की उत्तीर्ण दस छात्राओं को साइकिल भी प्रदान की। इसके अलावा स्कूल विकास के लिए एक लाख का अनुदान भी दिया। मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस से कुछ ही दूर पर प्राइमरी स्कूल चोखापुरी संचालित है। बीएसए ने कहा कि विद्यालय के बाहरी वातावरण और आंतरिक आकर्षक पुष्प वाटिका, हरियाली से सुसज्जित देखकर यह स्पष्ट होता है। शिक्षकों ने बहुत मेहनत की है। उन्होंने कहा विद्यालय में शिक्षा का बेहतर माहौल दिया जा रहा है। विद्यालय का नाम कई बार सुना लेकिन अब स्कूल में आने का मौका मिला है। शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि चोखापूरी स्कूल की तरह बेहतर माहौल बनाएं और स्कूल को सजाएं, संवारें। प्रधानाध्यापक मुनीष कुमार ने कहा कि सम्मान से बड़ा शिक्षकों के लिए कोई पुरस्कार नहीं होता है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सरोजिनी नगर विधायक की ओर से दी गई साइकिलें जब छात्राओं को अभिभावकों के सामने दी तो छात्राओं, अभिभावकों के चेहरे खुशी से खिल गए। सहायक अध्यापक विपिन कुमार, शिक्षामित्र बृजबाला, विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष पूनम देवी, खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह, जिला समन्वयक राकेश पटेल, पूजा यादव, रेखा देवी आदि मौजूद रहे।


प्राइमरी विद्यालय चोखापुरी में पहुंचीं बीएसए, खंड शिक्षा अधिकारी व अन्य।

# छापा : निजी स्कूल में लगी मिली कोर्स की दुकान

- **एनसीईआरटी को दरकिनार कर दी जा रही थीं महंगी किताबें**
- **टीम ने सौंपा नोटिस, एक लाख रुपये जुर्माने की दी गई चेतावनी**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** कमीशन के खेल में निजी स्कूल एनसीईआरटी की किताबों को नजरअंदाज करते हुए धड़ल्ले से निजी पब्लिकेशन की किताबें चला रहे हैं। जिसका बोझ अभिभावकों पर पड़ रहा है। इसे लेकर शिकायत मिलने पर गठित की गई जांच कमेटी ने एक निजी स्कूल में छापामारी की। इस दौरान निजी पब्लिकेशन की महंगी किताबें स्टॉल लगाकर कोर्स में दी जा रही थी। खास बात थी कि स्कूल से ही उनकी बिक्री होती मिली। डीआईओएस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्कूल प्रबंधक और प्रधानाचार्य को नोटिस भेजा है। साथ ही शासनादेश का उल्लंघन करने के मामले में एक लाख रुपये जुर्माना डालने की चेतावनी दी है।

बता दें कि 1 अप्रैल को समस्त स्कूलों में शैक्षिक सत्र शुरू हो चुके हैं। स्कूलों में एडमिशन और नए कोर्स के साथ ड्रेस का खेल तेज हो गया है। अभिभावकों को स्कूलों में कोर्स की स्लिप देते हुए दुकान का भी नाम बताया जाता है। पूर्व में बरखेड़ा क्षेत्र की एक छात्रा ने स्कूलों में महंगे कोर्स देने की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद डीआईओएस राजीव कुमार सिंह ने जांच कमेटी तैयार की थी। जिसके बाद जांच कमेटी ने एक निजी स्कूल का निरीक्षण किया था। जांच के दौरान सामने आया कि कक्षा एक, दो, तीन समेत अन्य कक्षाओं की किताबें निर्धारित मानकों से अधिक कीमत पर बेची जा रही हैं। साथ ही यह भी पाया गया कि स्कूल में एनसीईआरटी के स्थान पर निजी पब्लिकेशन की किताबें चलायी जा रही हैं, जो शासनादेश का सीधा उल्लंघन है। इतना ही नहीं स्कूल में से ही सीधे अभिभावकों को कोर्स बिक्री किया जा रहा था। कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर डीआईओएस ने स्कूल प्रबंधक और प्रधानाचार्य को नोटिस जारी किया है। जिसमें कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम 2018 एवं संशोधित अधिनियम 2020 के विपरीत हैं। ऐसे में विद्यालय के खिलाफ एक लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। स्कूल प्रबंधन को तत्काल स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। डीआईओएस ने बताया कि छापामारी में स्कूल में ही किताबें बिक्री करने का स्टॉल मिला था। इसी को लेकर नोटिस जारी किया गया है। स्टॉल को फिलहाल हटवा दिया गया है।


निजी स्कूल में छापेमारी के दौरान रखी किताबें। ● अमृत विचार

# फ्रेंडशिप वीक की शुरुआत, प्रतियोगिता में बच्चों ने लिया भाग

**पीलीभीत, अमृत विचार :** स्प्रिंगडेल कॉलेज में फ्रेंडशिप वीक की शुरूआत की गई। स्कूल को रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया। शिक्षिका राधा बाजपेयी, प्रियंका और दीप्ति ने बच्चों का तिलक करके स्वागत किया। पेन्सिल उपहार स्वरूप दी गई।

बच्चों ने विभिन्न एक्टिविटी में भाग लिया। शरीर को स्वस्थ एवं फिट रखने के गुर सीखे। कक्षा एक से कक्षा चार तक के बच्चों के लिए कैलीग्राफी प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्या प्रिया आनन्द ने बताया कि इस प्रकार के क्रियाकलापों के द्वारा बच्चों में रचनात्मक क्षमता का विकास होता है। प्री-प्राइमरी के विनायक, युवांशी, हरगुन, दिलवंश, हरतिका, जया, राजांशू, अनमिता, माही, दर्शिका, अनवी, सारांश, कृति, कृष्णा, कृतिका, मोहम्मद रजा, मिहुल, अक्ष, काव्या, दक्ष, आदि का प्रयास सराहनीय रहा।

## न्यूज डायरी

### राजकीय महाविद्यालय में गृह विज्ञान की संगोष्ठी में बनाए पोस्टर

**बिलसंडा, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के गांव हेमपुर स्थित राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को गृह विज्ञान विभाग द्वारा विद्यार्थी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार बत्रा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करके कराई। गृह विज्ञान की विभागाध्यक्ष अनुजा अग्रवाल ने संगोष्ठी का संचालन किया। कार्बोहाइड्रेट, विटामिन, मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव, संतुलित आहार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं जल प्रदूषण विचार व्यक्त किए। पोस्टर बनाकर प्रस्तुतीकरण किया। इस मौके पर अत्रा राज, आस्था वर्मा, नैंसी राठौर, गिरिजा, भूमियांशी मिश्रा, आस्था वर्मा, डोलवी, अंशिका ने बेहतर प्रदर्शन किया। इस मौके पर डॉ. सतेंद्र कुमार, डॉ. वेदप्रकाश, डॉ. दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।





### जयपुर में सम्मानित हुईं पीलीभीत की मधु कुमार

**पीलीभीत, अमृत विचार :** एलाइंस क्लब इंटरनेशनल की एनुअल कन्वेंशन का आयोजन जयपुर के एक होटल में आयोजित किया गया। इसमें सभी पास्ट इंटरनेशनल प्रेसिडेंट एवं समस्त शहरों से अलायंस क्लब के पदाधिकारी सदस्य शामिल हुए। आयोजन में करीब 800 लोगों ने शिरकत की। सभी एक्टिव पोस्ट होल्डर, सक्रिय सदस्यों को इंटरनेशनल प्रेसिडेंट सुशील अग्रवाल ने सम्मानित किया। इसी श्रृंखला में पीलीभीत की चार्टर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एवं पास्ट इंटरनेशनल डायरेक्टर मधु कुमार को उनके सेवा कार्यों को देखते हुए बीते वर्षों की भांति इंटरनेशनल प्रेसिडेंट एवं पास्ट इंटरनेशनल प्रेसिडेंट द्वारा अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इस पर अन्य पदाधिकारी और सदस्यों ने हर्ष जताया।




### फोटोग्राफर्स एसोसिएशन पीलीभीत को मिला सम्मान

**पीलीभीत, अमृत विचार :** लखनऊ के गोमतीनगर स्थित भागीदारी भवन में फोटोग्राफर्स एसोसिएशन का प्रदेश स्तरीय प्रतिनिधि सम्मेलन मंगलवार को आयोजित किया गया। इसकी शुरुआत समाज कल्याण व अनुसूचित जाति एवं जनजाति राज्यमंत्री असीम अरुण ने दीप प्रज्वलित करके कराई। उन्होंने कहा कि फोटोग्राफर समाज के हर महत्वपूर्ण पल को सहेजने का कार्य करते हैं, ऐसे में उनके हितों की रक्षा और उनके पेशे को मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संगठन के प्रयासों की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पीलीभीत के अध्यक्ष दिलीप थापर, सचिव अंशुल गौड़, कोषाध्यक्ष लवित सोहल, संगठन मंत्री मनीष भारद्वाज को सम्मानित किया गया।

### मां यशवंन्तरी देवी मंदिर में किया हनुमान चालीसा का पाठ, जुटे श्रद्धालु

**पीलीभीत, अमृत विचार :** राष्ट्रीय हनुमान दल की ओर से मंगलवार देर शाम मां यशवंन्तरी देवी मंदिर पर हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता संरक्षक हरिपाल सिंह यादव ने की। संचालन नगर संयोजक आदित्य राना ने किया। पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने सर्वप्रथम पूजन किया। इसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ किया। जगदीश सक्सेना ने बताया कि 27 अप्रैल को गाय को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिलाने के लिए गौ सेवा ग्राम अभियान के तहत प्रत्येक तहसील में ज्ञापन सौंपे जाएंगे। कहा कि इस मुहिम में साधु-संत अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। जिलाध्यक्ष अमित गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर संतोष मिश्रा, संजीव कुमार, आदित्य राना, ललित सागर, शिवम कश्यप, आलोक, प्रिंस, राहुल, अर्पित, आदित्य आदि मौजूद रहे।



# तो नगर पालिका की ओर से जलभराव से मुक्ति के सिर्फ थे दावे !

## बारिश होते ही मुख्य बाजार से लेकर आम गली मोहल्ले बन गए तालाब, कुछ स्थानों पर हुई ओलावृष्टि, किसानों को सता रही फसलों की चिंता

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** चंद घंटे की बारिश के बाद शहर की सड़कों पर जलभराव की समस्या ने राहगीरों और दुकानदारों की मुश्किलें बढ़ा दी। वहीं, नगर पालिका के जिम्मेदारों की ओर से मानसून के दौरान बीते कई सालों से चली आ रही जलभराव की समस्या से निजात दिलाने को किए गए प्रयासों और दावों की हकीकत भी खुलकर सामने आ गई है। आलम ये रहा कि बारिश के बाद कई फीट तक पानी भरने से मुख्य मार्ग भी तालाब जैसे नजर आए। दुकानों के भीतर भी बारिश के बाद जमा नालियों का गंदा पानी भीतर घुसा और सामान सुरक्षित करने की जद्दोजहद मची रही।


शहर में फैली अव्यवस्थाओं को दूर करने के लिए प्रयास और दावे बहुत किए गए, लेकिन धरालत की तस्वीर को बदला नहीं जा सका है। बारिश के बाद एक बड़ी समस्या जलभराव की है। हल्की सी बरसात के बाद शहर की सड़कों पर कई फिट पानी भर जाता है। ड्रेनेज सिस्टम सही न होने और नाले नालियों के चोक होने की वजह से समस्या बताई जाती है। हर साल बारिश में समस्या उत्पन्न होने पर सुधार के दावे किए जाते रहे हैं और फिर सब भूल जाते हैं। नगर पालिका की ओर से इस समस्या का समाधान कराने के लिए बीते साल करोड़ों की लागत से कई नाले बनवाए गए। इसके अलावा सड़कों को भी ऊंचा कराया गया है। जिसके बाद माना जा रहा था कि अब शहर की सड़कों पर जलभराव की समस्या से कुछ राहत मिल सकेगी। मगर, इन दिनों हो रही छिटपुट बारिश के बाद उभरकर आ रही तस्वीर आगामी दिनों में मानसून को लेकर जलभराव के खतरे की ओर संकेत कर रही है। अभी दो दिन पहले पांच एमएमए बारिश हुई तो पानी भर गया था। इसके बाद भी सुध नहीं ली गई। बुधवार को सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला रहा। दोपहर 12 बजे के बाद अचानक तेज हवा चलना शुरू हुई और काले बादल छा गए। आलम ये रहा कि दिन में ही वाहनों की लाइट जलाकर सफर राहगीरों को करना पड़ा। कुछ ही देर में बारिश हो गई। कुछ जगह ओले भी गिरे। जिसके बाद मौसम तो सर्द हो गया लेकिन सड़कों पर जलभराव रुपी आफत राहगीरों के सामने खड़ी हो गई। चंद घंटे की बारिश के बाद मुख्य बाजार में कई फीट तक पानी भर गया। हालात ये थे कि दुकानों के भीतर भी पानी घुसता जा रहा था। व्यापारी दुकान पर रखा सामान बचाने के लिए जद्दोजहद करते नजर आए। इसके अलावा रंगीलाल चौराहा से अग्रवाल सभा की तरफ जाने वाली सड़क मुख्य सड़क पर भी जलभराव ने मुसीबत बढ़ाई। मोहल्ला नई बस्ती में भाजपा जिलाध्यक्ष के आवास को जाने वाली सड़क पर भी कई फिट जलभराव रहा। इसे लेकर सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने फोटो पोस्ट करते हुए बदतर हालात से जुड़ी तस्वीर साझा किया। अन्य कई स्थानोंपर भी बारिश के बाद जलभराव की दिक्कत बनती दिखाई दी।


मुख्य बाजार में पानी भरा तो दुकानों के भीतर पहुंचने लगा। ● अमृत विचार


मोहल्ला नई बस्ती की गली में जलभराव। ● अमृत विचार

### तेज हवा चली तो और नुकसान होने की आशंका

अभी तीन दिन पहले पांच अप्रैल को पांच एमएम बारिश हुई थी। इससे कई जगह फसल तेज हवा चलने से गिर गई थी। इसके बाद अब बुधवार को दोपहर में हुई बारिश ने किसान की चिंता बढ़ा दी। खेतों में फसल भीग गई। जिसकी वजह से फसल के खराब होने का डर किसानों को सताने लगा है। इसके नुकसान को लेकर मुआवजे की मांग किसान नेताओं की ओर से की जा रही है। कई जगह खेतों में फसल बिछ गई है तो खेतों में पानी भर गया है। आगामी एक दो दिन अभी मौसम इसी तरह रहने की उम्मीद जताई जा रही है। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ.एसएस ढाका ने बताया कि बुधवार को 12 एमएम बारिश हुई है। अभी गुरुवार को भी हल्की बारिश हो कसती है। शुक्रवार दोपहर तक बादल छाए रहने की उम्मीद है। जिन खेतों में तीन दिन पहले फसल बिछ गई थी। उसको नुकसान पहुंच सकता है। वहीं, जो गेहूं की फसल अब बारिश में भीग गई है। अगर तेज हवा चलती है तो वह भी गिर सकती है, जिससे उसे नुकसान हो सकता है।


बारिश के बीच गिरे ओले।

### आंधी-बारिश के बाद बिजली व्यवस्था चरमराई

हर बार की तरह आंधी बारिश के बाद बिजली व्यवस्था भी चरमरा गई। पहले एहतियातन बिजली सप्लाई बंद की गई। इसके बाद जब सप्लाई चालू की गई तो कई जगह फाल्ट हो गए। जिसके बाद बिजली गुल हो गई। पावर कॉरपोरेशन की टीमें सुधार कार्य के लिए दौड़ाई गई। हालांकि इसमें काफी समय लगा। इसी के साथ शहर की बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए किए गए तमाम दावे भी तेज हवा और बारिश के बीच आई दिक्कत ने हवाहवाई साबित कर दिए।


फेस चालू करता कर्मचारी।

### किसान नेता बोले- नुकसान का आकलन कर किसानों को तत्काल मिले मुआवजा

मौसम की मार के बीच किसान की फसल पर खतरा मंडरा चुका है। ऐसे में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने शासन प्रशासन से मांग की है कि बेमौसमी बरसात से किसानों की फसलों में हुए नुकसान का आंकलन कराकर तत्काल उचित मुआवज़ा दिया जाए। उनका कहना है कि किसान पहले से ही आर्थिक तंगी से जुझ रहे हैं।ऊपर से प्राकृतिक आपदा से किसानों की सरसों व गेंहू के साथ ही जिन किसानों ने अभी हाल में ही गन्ने की फसल की बुवाई की उसमें भारी नुकसान बेमौसमी बरसात से हुआ है। इसका मुआवजा दिलाया जाए।

---

## न्यूज ब्रीफ

### टेंपो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना न्यूरिया में दी तहरीर में ग्राम ललपुरिया साहब निवासी शिवकुमार ने बताया कि पांच मार्च को वह शाम चार बजे अपनी बाइक से टनकपुर रोड नया बाईपास होते हुए अपने घर आ रहे थे। घर से 200 मीटर पहले ललपुरिया चौराहे पर सामने से आ रहे टेंपो की टक्कर से घायल हो गए। बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। चालक टेंपो छोड़कर भाग गया। पुलिस ने टेंपो चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### बीच-बचाव करने पर युवक से की मारपीट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम सैदपुर निवासी राजू सोनकर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि एक अप्रैल को रात 10 बजे वह अपने घर जा रहा था। तभी पड़ोसी संजय पुत्र माखनलाल अपनी पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था। जब उसने बचाने का प्रयास किया तो आरोपी संजय ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। थोड़ी देर बाद आरोपी उसके घर में घुस आया और उसके साथ दोबारा मारपीट की। जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

### घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**पीलीभीत, अमृत विचार :** जहानाबाद क्षेत्र के ललौरीखेड़ा गांव निवासी ओमप्रकाश पुत्र बाबूराम और मगरासा गांव निवासी राजेश अलग-अलग बाइकों से आ रहे थे। उनकी बाइकों की टक्कर हो गई थी। जिसमें दोनों घायल हो गए थे। हालत गंभीर होने पर ओमप्रकाश को बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां उसकी इलाज के दौरान बुधवार को मौत हो गई। परिजन शव लेकर आ गए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। परिजन का रोकर बुरा हाल रहा।

### ग्रामीण से मारपीट एफआईआर दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव इग्रहा निवासी वीरेंद्रपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके गांव में तीन अप्रैल को भंडारा चल रहा था। खाना खाने की पत्तल लेने जा रहे थे। इसी दौरान गांव के अंकित, देवेंद्र, सूरज, उसके मामा का पुत्र ट्राली की आड़ में खड़े थे। उससे खाना खाने की पत्तल मांगने लगे। इस पर जब रुकने को कहा तो मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

---

# बारिश होने से ईंट-भट्ठों पर कच्ची ईंटें हुई खराब


एक भट्ठे पर पकने से पहले खराब हुई ईटें। ● अमृत विचार

**दियोरियाकलां, अमृत विचार :** बुधवार दोपहर में बेमौसम हुई बारिश से एक तरफ खेतों में फसल को नुकसान पहुंचा। फसलें पहले हवा से गिरी और फिर पानी भरने से उनके खराब होने की चिंता सता रही है। वहीं, ईट भट्ठों पर भी बेमौसम बारिश से पकाने के लिए तैयार की गई कच्ची ईंटें पानी में पूरी खराब हो गई। सड़कों पर कीचड़ भी फैली रही।

# अमरिया में भी बिछ गई गेहूं की फसल

**अमरिया, अमृत विचार:** बदले मौसम के मिजाज ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी। रुक-रुककर हुई बारिश ने खेतों में गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचाया। खड़ी और कटी फसल भीगने से खराब होने का डर किसान को सता रहा है। तेज हवा चलने से कई जगह फसल गिर गई। इसे लेकर बारिश रुकने के बाद किसान खेतों पर फसल बचाने के लिए जद्दोजहद करते रहे।


अमरिया में खेत पर बिछी फसल।

# एक ही ग्रामीण को दो बार दिया आवास, घिरे जिम्मेदार

- डीपीआरओ ने बीडीओ से मांगी रिपोर्ट, कार्रवाई करने के निर्देश
- बिलसंडा ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत पस्तौर कुइयां का मामला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री आवास योजना में अपात्रों को पात्र दिखाकर लाभ दिलाने का मामला सामने आया है। बिलसंडा ब्लाक की एक ग्राम पंचायत में पंचायत सचिव और संबंधित पटल सहायकों की मिलीभगत से एक ही लाभार्थी को दोबारा आवास की धनराशि जारी कर दी गई। खास बात यह है कि खंड विकास अधिकारी द्वारा दोषी एडीओ एसटी एवं आंकिक के विरुद्ध कोई कार्रवाई न कर संबंधित सचिव से ही धनराशि वसूली को कहा गया। मामला संज्ञान में आने पर अब डीपीआरओ ने सख्त रुख अख्तियार करते हुए दोषी एडीओ एसटी समेत अन्य कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए हैं।

> यह मामला गंभीर लापरवाही का है। एक ही व्यक्ति को दो बार आवास का लाभ दिया जाना नियमों के विरुद्ध है। इसमें पंचायत सचिव व संबंधित पटल सहायकों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। बीडीओ बिलसंडा को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि साक्ष्यों के साथ दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का प्रस्ताव भेजें।
> 
> – **रोहित भारती**, डीपीआरओ

मामला बिलसंडा ब्लॉक की ग्राम पंचायत पस्तौर कुइया का है। ग्राम पंचायत के सचिव प्रियांशु द्विवेदी ने मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत गांव निवासी विमला देवी पत्नी स्व. रामचंद्र को 1,17,056 रुपये की धनराशि आवंटित की थी। बताते हैं कि इसी इसी लाभार्थी को पूर्व में वित्तीय वर्ष 2006-07 में ही इंदिरा आवास का लाभ मिल चुका है। इस मामले में पंचायत सचिव ने पहले लिखित में दिया था कि लाभार्थी को कोई आवास नहीं मिला है, लेकिन बाद में स्वयं स्वीकार किया कि उसे पूर्व में लाभ मिल चुका है। इस मामले में खंड विकास अधिकारी द्वारा दोषी सहायक विकास अधिकारी एसटी एवं आंकिक आदि के विषय में कोई कार्रवाई न करते हुए हुए पंचायत सचिव प्रियांशु द्विवेदी से बिना स्पष्टीकरण प्राप्त किए ही आवास के नाम पर दी गई धनराशि जमा करने का फरमान दे डाला। जबकि पंचायत सचिव ने पूर्व में उक्त लाभार्थी को पूर्व में भी आवास दिए जाने की जानकारी दी थी। इधर मामला डीपीआरओ रोहित भारती के संज्ञान में आया है। इस संबंध में उन्होंने बिलसंडा ब्लाक के खंड विकास अधिकारी को पत्र जारी किया है। जारी पत्र में उन्होंने संबंधित खंड विकास अधिकारी से यह जानकारी चाही कि किन परिस्थितियों में संबधित कर्मचारी का स्पष्टीकरण प्राप्त किए बिना और आवास सुविधा उपलब्ध होने के बाद धनराशि वसूली के लिए पंचायत सचिव से ही धनराशि जमा करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को आवास चयन को लेकर ग्राम सभा की खुली बैठक का प्रस्ताव, स्वीकृति पत्र की एक प्रति उपलब्ध कराने के साथ साक्ष्यों के साथ सचिव, एसडीओ एसटी एवं आंकिक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए है। ताकि गुण दोष के आधार पर उक्त प्रकरण में निर्णय लिया जा सके।

# रेस्क्यू सेंटर के संचालन को लेकर कवायद तेज

- रेस्क्यू सेंटर संचालन को लेकर शासन को भेजी स्टाफ की डिमांड
- पूरनपुर के गोपालपुर में 14.33 करोड़ की लागत से बन रहा सेंटर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पीलीभीत टाइगर रिजर्व के रेस्क्यू सेंटर का निर्माण अंतिम चरण में होने के साथ ही इसके संचालन की भी कवायद तेजी से शुरू हो गई है। रेस्क्यू सेंटर को संचालित करने के लिए स्टाफ की डिमांड शासन को भेजी गई है। इसमें क्षेत्रीय वनाधिकारी, दो पशु चिकित्सकों, वन दरोगा, फार्मासिस्ट समेत 16 पदों पर 43 अधिकारी-कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगल में बाघ एवं तेंदुओं के हिंसक होने के साथ उनके व्यवहार में परिवर्तन एवं बीमार या घायल होने की स्थिति में इलाज के लिए गोरखपुर, लखनऊ एवं कानपुर के चिड़ियाघरों में ले जाया जाता है। समस्या के दृष्टिगत केंद्र सरकार ने करीब चार साल पहले पीलीभीत टाइगर रिजर्व में रेस्क्यू सेंटर निर्माण को मंजूरी दी थी। जिसके बाद वन एवं वन्यजीव प्रभाग पूरनपुर रेंज की गोपालपुर जंगल को उपयुक्त मानते हुए 05 हेक्टेयर भूमि पर रेस्क्यू पुनर्वास केंद्र (रेस्क्यू सेंटर) का निर्माण शुरू कराया गया था। करीब 14.33 करोड़ की लागत से बनने वाले इस रेस्क्यू पुनर्वास केंद्र में वर्तमान में चौथे व अंतिम चरण का कार्य चल रहा है। बीते दिनों प्रमुख सचिव वन वी हेकाली झिमोमी ने निर्माणीधीन रेस्क्यू सेंटर का निरीक्षण करने के साथ ही कार्यदायी संस्था को इसी माह के भीतर हर हाल में कार्य पूरा करने के सख्त निर्देश दिए थे। जिसके बाद कार्यदायी संस्था की ओर से तेजी से कार्य कराया जा रहा है।

### क्षेत्रीय वनाधिकारी से लेकर पशु चिकित्सकों और बायोलॉजिस्ट की होगी तैनाती

अब बहुप्रतीक्षित रेस्क्यू सेंटर के संचालन को लेकर भी कवायद शुरू हो चुकी है। रेस्क्यू सेंटर के संचालन के लिए स्टाफ भी जरूरत होगी। ऐसे में अब रेस्क्यू सेंटर के स्टाफ की डिमांड शासन को भेजी गई है। इसमें एक क्षेत्रीय वनाधिकारी, दो पशु चिकित्सक, एक उप क्षेत्रीय वनाधिकारी एक, दो वनरक्षक/वन्यजीव रक्षक, एक फार्मासिस्ट/वेटनरी सहायक, एक हेड कीपर, एक कीपर, छह सफाईकर्मी, बायोलॉजिस्ट, कंप्यूटर आपरेटर समेत 16 पदों पर 43 अधिकारियों-कर्मचारियों की डिमांड भेजी गई है। बता दें कि निर्माणाधीन रेस्क्यू सेंटर में अधिकांश कार्य पूरे हो चुके हैं। फिनिशिंग आदि का कार्य चल रहा है। अप्रैल तक कार्य पूरा होने के बाद इसमें उपकरण समेत अन्य संसाधनों को इंस्टाल किया जाएगा। संभवता मई में इसका संचालन भी शुरू करा दिया जाएगा। इस संबंध में टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि रेस्क्यू सेंटर के संचालन को लेकर स्टाफ की डिमांड की गई है। जल्द ही काम पूरा कराते हुए रेस्क्यू सेंटर को संचालित करेंगे।

# मुकदमा वापस न लेने पर धमकाया

- विरोध करने पर दी जान से मारने की धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार:** पूर्व में दर्ज कराई रिपोर्ट वापस न लेने पर युवक को धमकाया गया। क्षेत्र की ममता देवी पत्नी लाल बहादुर वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि चार अप्रैल को उसका पुत्र आयुष घर से खेत पर गेहूं की फसल देखने जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में गांव खरगापुर कला के रजनीश कुमार, धर्मवीर और अमित ने पुत्र की साइकिल में बाइक से टक्कर मार दी। जिसमें पुत्र घायल हो गया। उसके उठने के बाद तमंचा दिखाकर गाली गलौज कर धमकी दी कि अगर पूर्व में दर्ज मुकदमे को वापस नहीं लिया तो जान से मार देगा। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# सक्रिय भूमिका निभाएं कार्यकर्ता

**बीसलपुर, अमृत विचार :** सपा कार्यालय पर बुधवार को बैठक हुई। जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने की अपील की गई। बूथ स्तर पर कमेटियों को सक्रिय बनाने की रणनीति तय की गई।

पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू ने कहा कि सभी बूथ स्तर पर कमेटियों को सशक्त बनाना आवश्यक है। बूथ स्तर पर कार्यकर्ता सक्रिय होकर पार्टी को मजबूत बनाएं। इस मिशन में हम सभी को जुटना है। 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को मनाने का निर्णय लिया गया। अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष शैलेश शर्मा एडवोकेट और संचालन रमेश महाराज शुक्ला ने किया। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन शकील अहमद खान, हरिपाल सिंह लोधी, मीनाक्षी गंगवार, रामप्रताप गंगवार, गायत्री गंगवार, पुत्तन फौजी, बलीउल्ला खां, केदारनाथ गौतम, रमेश शुक्ला, डॉ. यासीन अंसारी, सुधा यादव, आरिफ सिद्दीकी, मुक्तदिर हयात खान, संदीप पांडे, धनुष अवस्थी, रमेश सिंह, वीरेश यादव, बीडी प्रजापति आदि मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# मुनाफे का लालच देकर 54.80 लाख रुपये हड़पे

- बदायूं के रहने वाले है जालसाज चला रहे थे निजी कंपनी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मुनाफे का लालच देकर बदायूं जिले के चार लोगों ने शहर के एक युवक को ठग लिया। आरोपियों ने चार अलग-अलग खातों में 54.80 लाख रुपये जमा करा लिए। जिसके बाद मुनाफे के नाम पर तीन लाख रुपये दिए। जिसके बाद कंपनी के लोग रकम लेकर फरार हो गए। इस मामले में पीड़ित ने चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के गौहनिया निवासी संतोष कुमार पांडे ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अखंड भारत मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड बदायूं के मुख्य प्रबंधक पुष्पेंद्र मौर्य, अन्य प्रबंधक नीलम रानी, सत्य प्रकाश मौर्य, बृजपाल मौर्य निवासी ग्राम निजामाबाद थाना कादरचौक जिला बदायूं से परिचित थे। आरोपियों के घर उसका आना जाना था। जान पहचान के बाद आरोपियों के बार-बार कहने पर उसने अलग-अलग तारीखों पर चार खातों में 54 लाख 80 हजार रुपये कंपनी में जमा किए। जिसके एवज में लोगों ने कारोबार में होने वाले लाभ का अंश देने का वादा किया था। जिसमें से लोगों ने उसको वर्ष 2024 से अब तक तीन लाख 84 हजार रुपये का लाभांश दिया। जब उसने इसके बाद लाभांश मांगा तो आरोपियों ने न तो लाभांश दिया और ना ही उसके रुपये वापस किए। रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए धमकी दी। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी नरेश त्यागी ने बताया कि धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।

# बैठक में 78 करोड़ का बजट पारित

- बीसलपुर नगरपालिका की बजट बोर्ड बैठक संपन्न

**बीसलपुर, अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद की वित्तीय वर्ष 2026- 27 बजट बोर्ड की बैठक बुधवार को हुई। इसमें अनुमानित आय का 78 करोड़ का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया।

बैठक में नगर की नई सड़कों, नाला निर्माण कराए जाने सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। नगर पालिका के पुस्तकालय भवन में हुई बैठक पालिकाध्यक्ष शशि जायसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्वसम्मति से अनुमानित आय का 780093785 और व्यय 780090000 रुपये का बजट पास किया गया। नगर की प्रकाश व्यवस्था के लिए पांच करोड़, प्रकाश व्यवस्था मरम्मत लिए 20 लाख, वाटर सप्लाई के लिए पांच करोड़, नए नाले नाली निर्माण के लिए 15 करोड़, सफाई व्यवस्था के लिए तीन करोड़, पालिका के भवन निर्माण व दुकानों के लिए छह करोड़, सड़क मरम्मत को दो करोड़, गौशाला निर्माण के लिए एक करोड़ 63 लाख, नगर की इंदिरा गांधी पार्क, सुभास चंद्र बोस पार्क, अंबेडकर पार्क व चंद्रशेखर आजाद पार्क के सौंदर्यीकरण के लिए दो करोड़ का बजट स्वीकृत किया गया। सभासद अलाउद्दीन ने नगर पालिका चौराहे से तहसील रोड पर अत्यधिक ढलान होने के कारण हो रही दुर्घटनाओं की समस्या को रखा। सड़क का निर्माण करने की मांग की। अन्य सभासदों ने भी सड़क, नाले, नाली से जुड़ी समस्याएं रखी। सभी समस्याओं का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया गया। इस मौकेपर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि अमन जयसवाल उर्फ निक्की, कार्यालय प्रभारी संजीव मिश्रा, वरिष्ठ लिपिक अकरम, प्रकाश व्यवस्था प्रभारी आलिम, सभासद अनुपम मित्तल, रितेश अग्रवाल, प्रियंका गंगवार आदि मौजूद रहे।


बैठक को संबोधित करतीं चेयरमैन शशि जायसवाल। ● अमृत विचार

# कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने सुंनगढी क्षेत्र के मोहल्ला कृष्ण लोक कॉलोनी निवासी रामदास की ओर से रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें उसने बताया कि नकटादाना चौराहा के पास के रहने वाले पीतम राम शर्मा से 25 नवंबर 2024 को सौर ऊर्जा का पैनल लगवाने के लिए उसके आवास पर 1.80 लाख रुपये में बात तय की थी।

उसी दिन 20 हजार रुपये दिए थे। इस पर सौर ऊर्जा पैनल का सामान घर पर भेजा। पांच दिसंबर 2024, 10 जनवरी 2025 व 25 मार्च 2025 को 30-30 हजार रुपये दिये। 27 मई 2025 को 40 हजार रुपये दिए। कुल डेढ लाख रुपये दिए गए। इसकी कोई रसीद नहीं दी गई। समस्त धनराशि भुगतान कर दी गई। आरोपी ने 25 वर्ष का गारंटी कार्ड देने में टालमटोल की। 27 नवंबर को जब आरोपी मिला तो रसीद व गारंटी कार्ड मांगा। इस पर आरोपी ने अभद्रता की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एमआरआई शुरू कराने का प्रयास, भेजा प्रस्ताव

- प्राचार्य ने शासन को भेजा प्रस्ताव, मंजूरी मिली तो जांच सुविधाओं में होगा विस्तार
- मरीजों को परामर्श लेने के बाद निजी सेंटरों पर जाकर जांच करना पड़ती है

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** संयुक्त चिकित्सालय से मेडिकल कॉलेज बनने के बाद जांच का दायरा बढ़ाने के लिए सीटी स्कैन के बाद अब एमआरआई जांच सुविधा शुरु कराने का प्रयास किया गया है। प्राचार्य ने शासन को पत्राचार किया है, ताकि मरीजों को सहूलियत मिल सके।

बता दें कि मेडिकल कॉलेज स्थापित होने के बाद संट्रेल लैब बना दी गई। जिसमें 24 घंटे सैंपलिंग की सुविधा चालू रखने के निर्देश हैं। कैंसर तक की जांच कराई जा रही है। इसके अलावा सीटी स्कैन और डिजिटल एक्सरे शुरु हो चुका है। न्यूरोसर्जन की तैनाती भी कर दी गई है। मगर, अब न्यूरोसर्जन के अधिकतर परामर्श या अन्य कई मामलों में एमआरआई की जरूरत पड़ती है। मगर, यह जांच मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध नहीं है। ऐसे में मरीजों को परामर्श लेने के बाद निजी सेंटरों पर जाकर जांच करना पड़ती है। एमआरआई दिमाग से लेकर रीढ़ की हड्डी तक की गहनता से जांच करने में काम करती है।

निजी लैब में इस जांच की कीमत करीब सात हजार रुपये तक निर्धारित है। प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा ने बताया कि एमआरआई मशीन की मांग को लेकर शासन से पत्राचार किया गया है। जल्द ही बजट मिलने की उम्मीद है।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक
सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754


# संदिग्ध हालात में विवाहिता झुलसी पेट्रोल छिड़क कर जलाने का आरोप

## हालत गंभीर होने पर पीड़िता को बरेली किया गया रेफर

- जहानाबाद क्षेत्र के बिसेन गांव की घटना, देवर-देवरानी पर जलाने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



आग से झुलसी महिला को एंबुलेंस से बरेली लेकर जाते परिजन। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता ससुराल में झुलस गई। उसे निजी अस्पताल से हालत गंभीर होने पर बरेली रेफर कर दिया गया है। मायके वालों ने देवर-देवरानी पर विवाहिता को पेट्रोल छिड़क जलाने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। इस दौरान हड़कंप मचा रहा।

थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के चिड़ियादाह गांव के रहने वाले इदरीश अंसारी ने बताया कि उन्होंने अपनी 30 वर्षीय पुत्री सीमा अंसारी का निकाह 10 साल पहले जहानाबाद क्षेत्र के बिसेन गांव के आसिफ से किया था। आरोप है कि निकाह के कुछ समय बाद से ही पुत्री को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। उनका कहना है कि पुत्री एमए तक पढ़ाई की हुई है, जबकि देवरानी कम पढ़ी लिखी है। जिसके चलते ईर्ष्या रखते हुए विवाद करती रहती है। आए दिन उसके साथ गाली गलौज करती है। बुधवार को पति आसिफ खेत पर ट्रैक्टर लेकर काम करने के लिए गया था। घर पर उसकी पुत्री सीमा अकेली थी। इसी दौरान देवरानी ने उनकी पुत्री से झगड़ा करना शुरू कर दिया। इसके बाद देवर और देवरानी ने आरोप है कि जिंदा जलाकर मारने की नियत से पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। पुत्री के चीखने चिल्लाने पर आसपास के काफी लोग पहुंच गए व किसी तरह आग बुझाई। घटना की सूचना गांव के प्रधान और सीमा के रिश्तेदार अहमद सद्दाम ने दी तो मायके वाले भी कुछ देर बाद पहुंचे। झुलसी हालत में पुत्री को शहर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। जहानाबाद पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। जहानाबाद इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार विश्नोई ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर जानकारी की गई है। मायके वाले महिला को इलाज कराने के लिए अस्पताल ले गए थे। जांच कराई जा रही है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### बच्चों को भी मारने की कर चुके कोशिश

मायके पक्ष ने भले अभी कोई तहरीर न दी हो। मगर, उन्होंने विवाहिता के देवर और देवरानी पर पहले भी प्रताड़ित करते हुए नुकसान पहुंचाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। पीड़िता के पिता का कहना है कि करीब दो साल पहले भी देवर और देवरानी ने सीमा के बच्चे तबरेज और तैमूर को जहर देकर मारने की कोशिश की थी। उस वक्त भी विवाद हुआ था लेकिन शिकायत नहीं की गई थी। सुलह करा दी गई थी। अब पुत्री को जलाने का आरोप लगाया है।

# फसल नुकसान पर किसान 72 घंटे में दर्ज कराएं सूचना

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- जनपद में 18541 किसानों ने कराया हैं फसलों का बीमा

**अमृत विचार:** बेमौसम बारिश और आंधी से किसान संकट में हैं। जनपद में बुधवार सुबह बारिश और तेज हवा से गेहूं की फसल प्रभावित हुई। कई इलाकों में खेतों में खड़ी फसल गिर गई, तो कहीं कटाई-मड़ाई बाधित हो गई। किसान मौसम ठीक होने का इंतजार कर रहे हैं। करीब एक सप्ताह से मौसम में उतार-चढ़ाव होने से किसान परेशान हैं। इधर मंगलवार रात से ही तेज हवा चली और सुबह होते ही बारिश शुरू हो गई। कई गांवों में फसल गिर गई। चल रही गेहूं की कटाई और मड़ाई का कार्य प्रभावित हो गया। खलिहान में काटकर रखी गई गेहूं की फसल के भीगने से नुकसान की आशंका है। हवा में नमी और धूप न होने से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को भी नुकसान का खतरा है। इधर उपकृषि निदेशक राम मिलन परिहार ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा कराने वाले किसान, जिनकी फसल खराब हुई है। वे फसल क्षति की सूचना 72 घंटे के अंदर टोल फ्री नंबर 14447 पर दर्ज करा दें। फसल नुकसान की सूचना इफको टोकयो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के दूरभाष नंबर 8057747626 पर भी दी जा सकती है।

इसके अलावा बीमित किसान गेहूं फसल में क्षति की सूचना लिखित में राजकीय कृषि बीज भंडार, जिला कृषि अधिकारी कार्यालय, उप कृषि निदेशक कार्यालय एवं उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी कार्यालय में भी फसल क्षति के 72 घंटे के अंदर दे सकते है।

उन्होंने बताया कि बीमा कंपनी द्वारा फसल क्षति का आकलन कर नियमानुसार क्षति की प्रतिपूर्ति की जायेगी। बता दें कि रबी सीजन में जनपद के 18541 किसानों ने अपनी रबी फसलों का बीमा कराया है।

# कथा में राम वनवास का प्रसंग सुनकर भावुक हुए श्रद्धालु



कथा सुनाते प्रेममूर्ति पंकज मिश्रा।

**बिलसंडा, अमृत विचार :** नगर के देवीस्थान मंदिर में आयोजित श्रीराम कथा में कथाव्यास प्रेममूर्ति पंकज मिश्रा ने बुधवार को राम वनवास का प्रसंग सुनाया। बताया कि सीता से विवाह के उपरांत अयोध्या लौटने के बाद राजा दशरथ प्रभु राम राज्याभिषेक करने की घोषणा रते हैं।

पूरी नगरी में खुशियां मनाई जाती है। राज्याभिषेक की तैयारी शुरू की जाती है। महल में दासी मंथरा के बहकावे में आकर रानी कैकई राजा दशरथ से राम को वनवास और भरत का राज्याभिषेक किए जाने की जिद पर अड़ जाती हैं। राजा दशरथ वचनबद्ध होने के कारण रानी के वचनों को मानकर राम को वनवास भेजने को कहते हैं। पिता की आज्ञा मानते हुए वह वनवास को चल देते हैं। उनके साथ लक्ष्मण और सीता भी जाते हैं। राम के वनवास जाने की खबर फैलते ही अयोध्या नगरी में खुशी की जगह दुख का वातावरण विद्यमान हो जाता है। अयोध्यावासी प्रभु राम से वनवास न जाने का आग्रह करते हैं, लेकिन वह पिता दशरथ की आज्ञा को धर्म का पालन करना कहते हुए अयोध्या वासियों से आज्ञा लेते हैं। नम आंखों से प्रभु राम को विदा देते हैं। राम वनवास का मार्मिक प्रसंग सुनकर भक्त भावुक हो उठते हैं।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्यशाला संपन्न

**बीसलपुर, अमृत विचार:** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन जागरूक कार्यशाला और प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की गई। कार्यशाला शून्य अपशिष्ट मैनेजमेंट, नगरपालिका परिषद और राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के करिअर कॉउंसलिंग सेल द्वारा संयुक्त रुप से कराई गई।

करिअर कौन्सिल सेल प्रभारी डॉ विकास प्रधान ने स्वच्छता व ठोस अपशिष्ट प्रबंधन जैसे जटिल विषय को सरलता से प्रस्तुत किया। सक्षम मिश्र, आशीष बाजपेई , आंशिक राणा, विमल चौधरी, सचिन कुमार जोशी आदि ने विचार रखे। प्राचार्य डॉ.अलका मेहरा, वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. दरख्शां, डॉ. पवन त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

# बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



सीतापुर नेत्र चिकित्सालय में बैठक के दौरान जानकारी लेते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह।

- डीएम की अध्यक्षता में सीतापुर नेत्र चिकित्सालय में हुई बैठक

**अमृत विचार:** डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को जिला नेत्र सहायता समिति की बैठक हुई। बैठक में चिकित्सालय को घाटे से उबारने के लिए खाली पड़े भूखंड पर दुकानों का निर्माण कराने का निर्णय लिया गया। इस दौरान डीएम ने चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सीतापुर नेत्र चिकित्सालय में हुई बैठक में आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। इसके बाद अस्पताल में12 लाख घाटे पर आय के स्रोतों पर विचार किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय किया गया कि अस्पताल परिसर में खाली पड़े भूखंड में दुकानों का निर्माण कराया जाये। गन्ना समितियों से फेकों मशीन, एनसीटी व अन्य उपकरण उपलब्ध कराये जाये। इस दौरान डीएम ने कहा कि नेत्र चिकित्सालय अपनी सेवाएं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रदान करें। इसको लेकर एंबुलेंस की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान डीएम ने नेत्र चिकित्सालय परिसर का भी निरीक्षण किया और सकारात्मक पहल करते हुये एसीएमओ को चिकित्सालय के डीबीसीएस का भुगतान करने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ राजेंद्र कुमार श्रीवास, डीडीओ संजय कुमार, जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव, समाज सेवी अमृत लाल, पदम चंद्रा, अस्पताल के लीगल एडवाईजर मंगलसेन गंगवार, चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. एनके बालियान आदि मौजूद रहे।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005



बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
- 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
- बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
- आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
- कैशलेस ईलाज



डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : ■ घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448



डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
- प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
NABH PRE ACCREDITED



डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली


# संचारी रोग अभियान में लापरवाही तीन सफाईकर्मियों का वेतन रोका

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- सहायक विकास अधिकारियों ने औचक निरीक्षण किया
- तीन ब्लाकों के चार सचिवों को भी कारण बताओ नोटिस जारी

**अमृत विचार:** जनपद में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के दौरान सफाई कर्मियों को लापरवाही बरतना भारी पड़ गया। निरीक्षण के दौरान लापरवाही मिलने पर तीन सफाईकर्मियों का वेतन रोकते हुए उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वहीं चार ग्राम पंचायतों के सचिवों से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है।

जनपद में पहली अप्रैल से वेक्टर जनित एवं संचारी रोगों की रोकथाम को लेकर संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। इसको लेकर डीपीआरओ रोहित भारती की ओर से जनपद की सभी 720 ग्राम पंचायतों में विशेष सफाई अभियान चलाते हुए फॉगिंग एवं एंटी लार्वा का छिड़काव करने के निर्देश दिए गए थे। इस कार्य की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी सहायक विकास अधिकारियों (पंचायत) को दी गई है। इधर बीते मंगलवार को सहायक विकास अधिकारियों ने संवेदनशील ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ग्राम पंचायत खमरिया पट्टी में तैनात सफाई कर्मी धनवीर, चांट फिरोजपुर की वीना देवी, ललपुरिया साहब सिंह में तैनात सफाईकर्मी अवधेश कुमार के कार्यों में भारी शिथिलता और गंदगी पाई गई। निरीक्षण में मिली कमियों का गंभीरता से लेते हुए तीनों सफाई कर्मियों का वेतन रोकने की कार्रवाई की गई है। इन सभी को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है।

वहीं बिलसंडा ब्लाक की ग्राम पंचायत आजमपुर के सचिव इवरार अहमद, घनश्यामपुर के विवेक वर्मा, मरौरी ब्लाक की पंचायत बेहरी के सचिव विजयपाल सिंह एवं बरखेड़ा ब्लाक की ग्राम पंचायत माधवपुर के सचिव को भी अभियान में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। डीपीआरओ रोहित भारती ने बताया कि निर्धारित समयावधि में स्पष्टीकरण न देने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# मंडी के सचल दल ने पकड़ा ट्रक डाला जुर्माना

- टनकपुर हाईवे पर ट्रक को रोका, चालक नहीं दिखा सका कागजात

**पीलीभीत, अमृत विचार:** टनकपुर ( उत्तराखंड) से लकड़ी लदा ट्रक बहराइच के लिए निकला था। मंगलवार रात मंडी समिति के सचल दल ने टनकपुर हाईवे पर ट्रक को रोक लिया। सचल दल प्रभारी शशि कला ने ट्रक चालक से कागजात मांगे। जिसे चालक नहीं दिखा सका। टीम ट्रक को कब्जे में लेकर मंडी समिति आ गई। बुधवार को मंडी सचिव प्रवीण कुमार अवस्थी ने ट्रक मालिक पर 140899 रुपये जुर्माना डाला है। जुर्माना जमा कराने के बाद ट्रक को छोड़ दिया गया। इस दौरान सहायक सचल दल प्रभारी जहीर अहमद, प्रमोद कुमार, निखिल ,सुमन ,प्रकाश चंद दुबेदी आदि थे।

# 78.35 करोड़ रुपये का बजट बहुमत से पारित

- नगर पालिका बजट बोर्ड बैठक में सभासदों ने रखे प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



बोर्ड बैठक में नगरपालिका पीलीभीत अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल व अन्य सभासद।

**अमृत विचार :** नगर पालिका पीलीभीत की विशेष बोर्ड बैठक बुधवार को संपन्न हुई। इसमें वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित मूल बजट को बहुमत से पारित कर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने की।

वर्ष 2026-27 के लिए नगर पालिका का कुल बजट लगभग 78.35 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया। बजट में आय और व्यय के विभिन्न मदों पर विस्तार से चर्चा के बाद इसे मंजूरी दी गई। बोर्ड बैठक में बताया गया कि पालिका की आय के प्रमुख स्रोतों में गृहकर, जलकर, दुकान किराया, लाइसेंस शुल्क, नीलामी, होर्डिंग व विज्ञापन शामिल हैं। इसके अलावा राज्य वित्त आयोग से लगभग 35 करोड़ रुपये व 14वें/15वें वित्त आयोग से करीब 15 करोड़ रुपये की आय का प्रावधान किया गया है। अमृत योजना, वंदन योजना एवं अन्य योजनाओं से भी आय प्राप्त होने की उम्मीद जताई गई।शहर के विकास कार्यों पर विशेष जोर देते हुए विभिन्न मदों में बजट स्वीकृत किया गया। सीवर एवं जल निकासी व्यवस्था पर करीब 7 करोड़ रुपये सड़कों के निर्माण व मरम्मत के लिए विशेष बजट, स्वास्थ्य सेवाओं, अस्पताल, दवा व सफाई निरीक्षण के लिए अलग धनराशि, स्ट्रीट लाइट एवं प्रकाश व्यवस्था के लिए भी बजट स्वीकृत किया गया। इसके अतिरिक्त स्वच्छ भारत मिशन, अमृत योजना, मलिन बस्ती विकास, पार्क निर्माण, गौशाला संचालन और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए भी बजट पास किया गया।सभासदों ने अपने-अपने प्रस्ताव रखे। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि बजट शहर के समग्र विकास, स्वच्छता व्यवस्था सुधार, बेहतर जल निकासी और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगा। इस मौके पर ईओ संजीव कुमार, सभासद एवं भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, साकेत सक्सेना, पंकज तिवारी, नितिन सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### नौगवां में बनेगी पीएचसी और इंडोर स्टेडियम

नगर पंचायत नौगवां पकड़िया में बुधवार को बोर्ड बैठक चेयरमैन संदीप कौर की अध्यक्षता में हुई। पुराने एजेंड के बाद नए प्रस्ताव को लेकर चर्चा की गई। चेयरमैन ने क्षेत्र में शिक्षा को लेकर अटल बिहारी वाजपेयी मॉडल स्कूल की स्थापना के प्रस्ताव को रखा। जिस पर बोर्ड ने सहमति दी। इस प्रस्ताव के लिए 10 लाख का बजट तय किया है। इसके अलावा पंचायत क्षेत्र में पीएचसी के लिए भी पांच लाख का बजट निर्धारित हुआ। युवाओं के लिए इंडोर स्टेडियम का प्रस्ताव रखा गया। इसके लिए बोर्ड में पांच लाख रुपये तय किए गए।

## न्यूज ब्रीफ

### घर में घुसकर मारपीट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** निघासन थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 8 मोहल्ला शिवपुरी रकेहटी निवासी सुनील कुमार ने बताया कि शाम करीब 6 बजे शिवमंगल, राधेश्याम, कमलेश और इन्दर समेत अन्य लोग उसके घर में घुस आए। सभी ने गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से पिटाई कर दी। जान बचाने के लिए उसने शोर मचाया, जिस पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। आसपास के लोगों के ललकारने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** थाना खमरिया क्षेत्र के ग्राम जेठरा निवासी अरबीन पत्नी नूर आलम ने बताया कि शाम करीब 4 बजे उसके पति नूर आलम, सास माहे निगार, ससुर अयास हुसैन और सहनूर ने मिलकर उसे गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीटा। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रकरण की जांच एसआई प्रदीप कुमार को सौंपी है।

### रंजिश में युवक को पीटा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** थाना पढुआ क्षेत्र के ग्राम रमियाबेहड़ निवासी कृपाशंकर पुत्र गयाप्रसाद ने बताया कि रात करीब 10 बजे पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही पानू पुत्र मंहगे ने गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपी ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। इस मामले की जांच एसआई ब्रह्मानंद यादव को सौंपी गई है।

# आंधी-बारिश का कहर, बदले मौसम से फसलें प्रभावित

## गेहूं, सरसों और दलहनी फसलों के नुकसान को लेकर क्षेत्र के किसान चिंतित, तापमान में गिरावट से ठंड

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार:** चैत में जैसे ही धूप ने तेजी पकड़ी वैसे ही मौसम में बदलाव से शुरू हुई आंधी-बारिश के कारण ठंड लौट आई है। वहीं बिजली व्यवस्था ध्वस्त होने और फसलें चौपट होने से किसान परेशान हैं।

लखीमपुर, गोला गोकर्णनाथ, पलिया कलां, सिकंदराबाद, रजागंज, मोहम्मदी, बेहजम, मझगईं, निघासन, धौरहरा और मितौली आदि क्षेत्र के किसान गेहूं, सरसों और दलहनी फसलों के नुकसान को लेकर चिंतित हैं। बीते पिछले सप्ताह तक अधिकतम तापमान 35 से 37 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया था, जिससे दिन काफी गर्म और उमस भरे रहे। वहीं इस सप्ताह चली तेज हवाओं और बारिश के चलते मौसम में अचानक ठंडक आ गई। बुधवार को अधिकतम तापमान 25 और न्यूनतम 16 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

जिले में चार अप्रैल की रात से चार अप्रैल की रात से मौसम ने ऐसी पलटी मारी कि ठंड का अहसास होने लगा है। बुधवार को दोपहर से ही जिले के कई इलाकों में अचानक बारिश शुरू हो गई। इसके साथ करीब 9 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं, जिससे वातावरण में ठंडक बढ़ गई और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। दिनभर बादलों की आवाजाही बनी रही, जिससे धूप का असर सीमित रहा। कुछ इलाकों में तेज हवा के साथ बारिश और ओले गिरे। आंधी-बारिश से गेहूं की फसल को काफी नुकसान हुआ है। अधिकांश गेहूं कट चुका है, लेकिन अभी खेतों से नहीं उठ पाया है।

बारिश के कारण कटे लगे गेहूं के बोझ भीग गए। इसके अलावा लाही, दलहनी और तिलहनी फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। जिससे किसानों का काफी नुकसान हुई है। तेज आंधी के कारण गन्ने की फसल भी गिर गई है। हालांकि बारिश से गन्ने की उपज को फायदा पहुंचा है। मौसम में आए इस बदलाव ने दिन के तापमान को नियंत्रित किया, वहीं शाम होते-होते ठंडक और बढ़ गई। मौसम विभाग ने गुरुवार तक ऐसे ही बदलाव जारी रहने की संभावना जताई है, जिससे लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

### बारिश के चलते फसलों को हो रहा नुकसान

कृषि वैज्ञानिक डॉ. सुहेल अहमद ने बताया कितेज हवाओं और बारिश के चलते जिले के कई क्षेत्रों में फसलों को नुकसान पहुंच रहा है। गेहूं और सरसों की फसलें विशेष रूप से प्रभावित हुई हैं। किसान अपनी फसलों की सुरक्षा के लिए निरंतर पानी और मिट्टी की जाँच कर रहे हैं। लगातार बदलते मौसम के कारण उनकी चिंता बढ़ गई है और खेतों में काम करना भी मुश्किल हो गया है।



बारिश और ओलावृष्टि के बाद फसल ले जाता किसान। ● अमृत विचार



जुआ के गदियाना क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि। ● अमृत विचार

### आंधी-बारिश से बर्बाद हुए गेहूं-मसूर

**मझगईं।** तेज आंधी और बारिश के साथ गिरे ओले ने गेहूं और मसूर की फसल को बर्बाद कर दिया है। निघासन ब्लॉक क्षेत्र के छेदुई पतिया, दौलता पुर, बौधिया कलां समेत पूरे क्षेत्र आंधी-बारिश से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल गिर गई है। अचानक हुई ओलावृष्टि से गेहूं और मसूर आसमान से गिरे पत्थरों की वजह से सारी फसलें बर्बाद हो गई। वहीं किसान कढ़िले प्रसाद, मेवालाल, बांके बिहारी, मुबारक, रमाकांत, रामबहादुर, मनोज सोनी आदि किसानों ने बताया कि गेहूं और मसूर की फसल काटने के लिए तैयार हो गई थी, अचानक हुई ओलावृष्टि से किसानों को बर्बाद कर दिया। वहीं कुछ किसानों की खेतों में कटी हुई फसल के भीगने से मसूर, और गेहूं की फसलें बर्बाद हो गई हैं।

### बदलते मौसम में डॉक्टरों ने सतर्क रहने की दी सलाह

**लखीमपुर खीरी।** मौसम के बदलाव के चलते बच्चों और बुजुर्गों में बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। मौसम में हुए बदलाव के बाद बच्चों में खांसी, बुखार, जुकाम के लक्षण बढ़ने लगे है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अंजनी मिश्रा ने बदलते मौसम के चलते बच्चों का खास ख्याल रखने की हिदायत दी है। कहा कि इन दिनों डायरिया, न्यूमोनिया और वायरल बुखार के मामले बढ़ रहे हैं। समय रहते सावधानी बरतकर इन बीमारियों से बचाव संभव है। बच्चों को साफ पानी और भोजन दें, हाथों की स्वच्छता पर ध्यान रखें और स्तनपान जारी रखें। मौसम के अनुसार कपड़े पहनाएं, ठंडी हवा और तेज धूप से बचाएं। खांसी-जुकाम वाले लोगों से बच्चों को दूर रखें और टीकाकरण पूरा कराएं। हल्के लक्षणों को नजरअंदाज न करें। बार-बार दस्त, उल्टी, तेज बुखार या सुस्ती दिखे तो तुरंत बालरोग विशेषज्ञ को दिखाएं। सही खान-पान, पर्याप्त नींद और साफ-सफाई से डायरिया, न्यूमोनिया और वायरल बुखार से बचाव संभव है।



डॉ. अंजनी मिश्रा।

### तेज आंधी-बारिश के साथ ओलावृष्टि

**भानपुर।** बिजुआ क्षेत्र में दोपहर करीब तीन बजे शुरू हुई ओलावृष्टि 15 से 20 मिनट तक जारी रही। इस दौरान बड़े आकार के ओले गिरने से सड़कें और खेत सफेद चादर से ढक गए। अचानक बदले मौसम से राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई। बिजुआ, राजगढ़ और गदियाना सहित ब्लॉक क्षेत्र के कई गांवों में फसलों को भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है। ओलावृष्टि के चलते आम की फसल में आए बौर झड़ गए हैं, जिससे उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना है। वहीं, खेतों में खड़ी गेहूं की फसल भी गिर गई है। सब्जी की फसलों को भी नुकसान पहुंचा है। किसानों का कहना है कि वे पहले से ही छुट्टा पशुओं से फसलों को बचाने में जुटे थे, लेकिन अब आंधी, बारिश और ओलावृष्टि ने उनकी चिंता और बढ़ा दी है। खड़ी और कटी फसल को भी ओलों से नुकसान पहुंचा है।

## झमाझम बारिश के बीच दीवार समेत गिरा छप्पर



गांव छेदुई पतिया में दीवार समेत गिरा छप्पर। ● अमृत विचार

**संवाददाता, मझगईं**

**अमृत विचार:** बुधवार को झमाझम बारिश और ओलों के बीच गांव छेदुई पतिया में एक घर के आगे पड़ा खरफूस का छप्पर अचानक दीवार समेत भरभराकर ढह गया। छप्पर के नीचे बैठे परिवार के सदस्यों ने किसी तरह से भागकर अपनी जान बचाई। गांव निवासी साजिद खान ने बताया कि अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ इस छप्पर के नीचे बैठे थे। इसी बीच तेज आंधी चलने लगे। खतरा भांपकर वह लोग छप्पर के नीचे से बाहर आ गए। इसी बीच झमाझम बारिश शुरू हो गई और ओले गिरने लगे। कुछ ही देर में उनका मकान के सामने पड़ा छप्पर ईंट की दीवार समेत भरभराकर ढह गया। इससे परिवार के लोग सहम गए। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

# मियांपुर, चंदनचौकी में 11 को आएंगे मुख्यमंत्री

**संवाददाता, मोहम्मदी/पलिया कलां**

**अमृत विचार:** तहसील मोहम्मदी क्षेत्र के रविंद्र नगर मियांपुर में और पलिया विधानसभा के थारू बाहुल्य क्षेत्र चंदनचौकी में 11 अप्रैल को प्रस्तावित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। हालांकि जिले में अभी तक प्रोटोकॉल नहीं आया है, लेकिन सीएम का दौरा तय माना जा रहा है।

भाजपा विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह के साथ आईजी, डीएम और एसपी ने कार्यक्रम स्थल पर तैयारियां देखीं।

निरीक्षण के दौरान आईजी किरण एस, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने सभी एसडीएम, एडीएम व सीओ अरुण कुमार सिंह सहित कई अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा घेरा और आमजन के बैठने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान मोहम्मदी विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह भी मौके पर पहुंचे और अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई, भाजपा नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता व अन्य जनप्रतिनिधि और पार्टी कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

पेयजल, शौचालय, विद्युत, यातायात नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। गांव मियांपुर के प्रधान और बड़ी संख्या में ग्रामीण भी निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे। ग्रामीणों में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री का यह दौरा ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने और क्षेत्रीय विकास कार्यों की समीक्षा के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। प्रशासन कार्यक्रम को लेकर किसी भी तरह की कमी नहीं छोड़ना चाहता और तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है।



कार्यक्रम की जानकारी लेते जनप्रतिनिधि व अधिकारी। ● अमृत विचार

- दोनों स्थानों पर तैयारियां तेज प्रोटोकॉल का इंतजार
- मोहम्मदी में विधायक के साथ डीएम-एसपी ने देखीं तैयारियां

### मियांपुर का नाम रविंद्रनगर करने की घोषणा कर सकते हैं सीएम

**मोहम्मदी।** मियांपुर कॉलोनी में अपनी जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री यहां का नाम बदलकर रविंद्रनगर करने की घोषणा कर सकते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर क्षेत्र में उत्साह है। तहसील व ब्लॉक परिसर में साफ-सफाई और चूना डलवाकर व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है। गांव के विस्थापितों को पूर्व में दी गई कृषि योग्य जमीन पर सरकार द्वारा मालिकाना हक देने से ग्राम वासियों में खुशी का माहौल बना हुआ है।

## कचहरी गोलीकांड: नामजद तीनों गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** कचहरी परिसर में सोमवार को हुए सनसनीखेज गोलीकांड के मामले में पुलिस ने तीनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने तीनों का चालान भेजा है।

बतादें कि सोमवार को पारिवारिक जमीन विवाद में कचहरी में वकालत कर रहे जितेंद्र राज और उनके चचेरे भाई विराट राज के बीच कहासुनी के बाद जमकर मारपीट हुई थी। इस दौरान आरोप है कि विराट ने तमंचे से जितेंद्र राज को गोली मार दी, जिससे जितेंद्र राज गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका इलाज लखनऊ में चल रहा है। इधर पुलिस ने घायल के चाचा मोहल्ला कमलापुर निवासी शिवरतन राज की तहरीर पर जसकरन राज उर्फ जेके राज, उसके पुत्र शिवम राज उर्फ विराट और अनुरुद्ध राज उर्फ बल्लू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस तीनों की तलाश कर रही थी। शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को तीनों आरोपियों का चालान भेजा है।



सदर कोतवाली में गिरफ्तार आरोपी।

# तेज हवाओं के साथ वर्षा, किसानों की मुश्किलें बढ़ीं

- मेला मैदान में पानी भरने से दुकानदार और मेलार्थी परेशान

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ**

**अमृत विचार:** इन दिनों हो रही बेमौसम बारिश, तेज हवाओं और कहीं कहीं गिरे ओलों से फसलों को नुकसान पहुँचा है और मौसम एक बार फिर से ठंडा हो गया है। इससे सामान्य जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है और किसानों के लिए आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। गेहूं और सरसों जैसी फसलें प्रभावित हुई हैं। बरसात से छोटी काशी में चल रहा है ऐतिहासिक चैती मेला भी प्रभावित हुआ है।

मौसम के इस अचानक बदलाव से जहां एक ओर लोगों को गर्मी से अस्थायी राहत मिली है, वहीं दूसरी ओर किसानों के लिए यह चिंता का विषय बन गया है। विशेष रूप से उन किसानों को अधिक नुकसान की आशंका है, जिनकी फसल कटाई के बाद खेतों में पड़ी हुई है। इस समय गेहूं सहित अन्य रबी फसलों की कटाई अंतिम चरण में है। ओला, तेज हवा और बरसात के कारण फसल की गुणवत्ता खराब होने और आर्थिक हानि होने की संभावना बढ़ गई है, जिसके चलते किसानों के चेहरों पर चिंता साफ देखी जा सकती है। इन दिनों नगर में छोटी काशी का मेला पूरे जोरों पर है, लेकिन पिछले तीन दिनों से रुक रुक कर हो रही बरसात के चलते सांस्कृतिक मंच पर होने वाले विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही मेले की दुकानदारी भी प्रभावित हुई है। मेला मैदान में जल भराव, कीचड़ हो जाने से दुकानदारों और मेलार्थियों को खासी परेशानी भी हुई है।



खंजनपुर में कटे पड़े गेहूं के खेत में भरा पानी। ● अमृत विचार



मेला मैदान में भरे पानी से निकलते मेलार्थी।

### आंधी, तूफान, बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को नुक़सान

**कुकरा।** किसानों की गेहूं की फसलें नष्ट हो जाने से किसानों की जीविका पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं, जिससे किसानों पर बैंक व पेस्टीसाइड दुकानों का कर्ज़ा, बेटी की शादी, बच्चों की पढ़ाई की फ़ीस, परिजानो के इलाज़ का बोझ, परिवार का जीवनयापन आदि संकटों से किसान घिर गए हैं। पीड़ित किसानों ने डीएम से मांग की है कि शासन से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा सहायता राशि दिलाई जाये। एसडीएम गोला को निर्देशित करें कि तहसील प्रशासन की टीम का गठन करके स्थलीय सत्यापन कराकर शासन को रिपोर्ट प्रेषित करें, जिससे कि शासन किसानों को मुआवजा दे सकें।

### बारिश और ओलावृष्टि से किसानों पर संकट

**मूड़ा सवारान, अमृत विचार:** किसानों ने बताया कि गेहूं की फसल कटाई के कगार पर थी कि मौसम ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। ओलावृष्टि से गेहूं की बालियां टूट गई हैं। किसानों को आशंका है कि अगर शीघ्र ही मौसम साफ न हुआ तो बाकी फसल भी खराब हो सकती है। किसानों के अनुसार 5 से 20 अप्रैल तक का समय गेहूं कटाई के लिए महत्वपूर्ण होता है लेकिन आपदा ने आर्थिक स्थिति को डगमगा दिया है।

### आंधी के साथ ओलावृष्टि ने किसानों की बढ़ाई चिंता

**बांकेगंज, अमृत विचार:** सहकारी समिति के पूर्व प्रबंध निदेशक व कृषक भगवानदीन बताते हैं कि अभी लगभग 80 प्रतिशत किसानों का गेहूं खेत में ही है। किसी की गेहूं की कटी फसल अभी खेत में पड़ी हुई है तो किसी की फसल अभी कटनी बाकी है। ऐसे में तेज हवा जहां फसलों को चटाई की तरह जमीन पर बिछा दे रही है। दूसरी तरफ खेतों में पानी भरने और ओला गिरने से वह बर्बाद हो रही है। ऐसे में गेहूं का उत्पादन कम हो जाएगा। जो किसान गन्ने की बुआई कर चुके हैं उन्हें तो लाभ है, परंतु जिन्होंने अभी बुवाई नहीं की है उन्हें गन्ना बोने के लिए इंतजार करना होगा। जटपुरा निवासी लालबिहारी मौर्य कहते हैं कि इससे पहले जब आंधी आई थी तब गेहूं की फसल गिर गई थी। उसके सूखने का इंतजार कर रहे थे कि वह सूख जाए तो कटवा लिया जाए परंतु आज फिर ओलावृष्टि के साथ तेज बारिश से खेत में पानी भर गया है इससे फसल का नुकसान होना तय है। हमारे जैसे अन्य भी बहुत से किसान हैं जिनकी फसल अभी भी खेत में पड़ी हुई है।

### दलहन और तिलहन को भी नुकसान

**बिझौली, अमृत विचार:** मंगलवार की रात से शुरू बूंदाबांदी के बाद बुधवार की सुबह मौसम और खराब हो गया। सुबह साढ़े 10 बजे के करीब तेज हवा के साथ क्षेत्र भर में तेज बारिश हुई। इससे खेतों में खड़ी गेहूं की फसल गिर गई है। गेहूं की फसल गिरने से उपज प्रभावित होने की भी आशंका सता रही है। किसान चन्दन सिंह ने बताया कि उनकी गेहूं की फसल खेत में कटी पड़ी थी, उसे उठाने का मौका भी नही मिला। दलहन और तिलहन की फसल को भी नुकसान हुआ है।

### बेमौसम बारिश से लाभ कम नुकसान ज्यादा

**रोशननगर, अमृत विचार:** बुधवार को जमकर बारिस हुई। इस बारिस किसानो के गेहूं की कटे खेतों में भीग गए। खेतो में पकी खड़ी गेंहू की फसल तेज हवा व बारिस से गिर कर चौपट हो गई। गन्ना बुआई के तैयार खेत व बीज की छिलाई कर चुके किसानो को बुआई बाधित हुई है। आम की फसल को भी नुकसान हुआ। बिजली सप्लाई भी बाधित हुई। जनकपुर के किसान अरुण यादव ने बताया कि उनकी गेहूं की कटी हुई फ़सल भीग गई है। बाबागंज के सत्य प्रकाश यादव ने बताया की गेहूं फ़सल कट रही थी। जमुनहां के पप्पू वर्मा ने गन्ना बुआई के लिए बीज छिलाया था, वर्षा हो जाने से अब बुवाई बाधित हो गई है।



रोशननगर में सड़क पर भरा बरसात का पानी। ● अमृत विचार

**दिक्कत** | कम तकनीकी जानकारी रखने वाले लोगों के लिए नई प्रणाली बन रही परेशानी

# जीरो बैलेंस होते ही अंधेरा, स्मार्ट मीटर बना मुसीबत

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

- नई व्यवस्था के तहत उपभोक्ताओं को बैलेंस रखना है अनिवार्य
- पारंपरिक बिल भुगतान की आदत वाले कर रहे असहज महसूस

**अमृत विचार:** जिले में स्मार्ट मीटर को लेकर पहले से जारी शिकायतों के बीच अब प्रीपेड (रिचार्ज) व्यवस्था लागू होने के बाद उपभोक्ताओं की मुश्किलें और बढ़ती नजर आ रही हैं। खासकर कम तकनीकी जानकारी रखने वाले लोगों के लिए यह नई प्रणाली परेशानी का कारण बनती जा रही है। बिना पर्याप्त जागरुकता के लागू इस सिस्टम के चलते लोगों को अचानक बिजली कटने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

नई व्यवस्था के तहत उपभोक्ताओं को पहले से बैलेंस बनाए रखना अनिवार्य हो गया है, जिससे पारंपरिक बिल भुगतान की आदत वाले लोग असहज महसूस कर रहे हैं। जानकारी के अभाव में कई परिवार इस बदलाव के साथ खुद को ढाल नहीं पा रहे हैं। दरअसल, स्मार्ट मीटर में बैलेंस शून्य या नकारात्मक होते ही बिजली आपूर्ति स्वतः बंद हो जाती है। लेकिन बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को इस व्यवस्था की पूरी जानकारी नहीं है और न ही रिचार्ज प्रक्रिया की स्पष्ट समझ है। ऐसे में बैलेंस खत्म होते ही अचानक बिजली चली जाती है, जिससे लोगों के दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

शहर के कई इलाकों में स्थिति और भी गंभीर है, जहां उपभोक्ताओं को पहले से रिचार्ज अनिवार्यता की पर्याप्त जानकारी नहीं दी गई। कई लोग अब भी पुराने तरीके से बिल आने का इंतजार करते हैं और अचानक बिजली कटने पर परेशान हो जाते हैं। स्मार्ट मीटर के तेज चलने और अधिक बिल आने की शिकायतों के बीच प्रीपेड सिस्टम ने उपभोक्ताओं की चिंता और बढ़ा दी है। कई उपभोक्ता इसे बिना पर्याप्त तैयारी और जागरूकता के लागू किया गया कदम मान रहे हैं।



हमें इस नए मीटर के बारे में कुछ समझ में नहीं आता। पहले बिल आता था तो भर देते थे, अब अचानक बिजली चली जाती है। कोई सही से बताने भी नहीं आया, बहुत दिक्कत हो रही है।

**-अनवरी बानो**, उपभोक्ता



हम लोग ज्यादा पढ़े-लिखे नहीं हैं, इसलिए स्मार्ट मीटर का यह रिचार्ज सिस्टम समझ में नहीं आ रहा है। कब पैसा खत्म हो जाता है यह तो पता ही नहीं चलता और बिजली चली जाती है।

**-सायरा बानो**, उपभोक्ता



स्मार्ट मीटर का सिस्टम समझना आसान नहीं है। कई बार बैलेंस खत्म होने की जानकारी समय पर नहीं मिलती और अचानक बिजली चली जाती है, जिससे कामकाज प्रभावित होता है।

**-रोशन अली**, उपभोक्ता



योजना अच्छी हो सकती है, लेकिन इसे लागू करने से पहले लोगों को जागरूक करना जरूरी था। अभी जानकारी के अभाव में उपभोक्ताओं को ही नुकसान उठाना पड़ रहा है।

**-मोहम्मद आरिफ अंसारी**, उपभोक्ता

# दो घरों में लाखों की चोरी

**राजगंज, अमृत विचारः** कस्बा निवासी विजय सोनी व अजय सोनी के मकान में चोर पीछे की खिड़की काटकर अंदर घुस गए। इसके बाद उन्होंने अलमारी को काटकर उसमें रखे सोने-चांदी के आभूषण, कपड़े, कीमती बर्तन और करीब 10,500 रुपये नगद चोरी कर लिए।दूसरी घटना गांव के ही रामाधार के घर में हुई, जहां चोर पीछे की दीवार फांदकर घर में दाखिल हुए और कमरे का ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान पार कर ले गए। सुबह जब परिवार के लोगों की नींद खुली तो घर का सामान बिखरा और ताले टूटे देख उनके होश उड़ गए। इसके बाद घटना की सूचना तत्काल कोतवाली पुलिस को दी गई। इंस्पेक्टर गोला अंबर सिंह ने बताया कि तहरीर मिल गई है और पुलिस जांच में जुटी है। जल्द ही चोरी की घटनाओं का खुलासा किया जाएगा।



सांस्कृतिक मंच पर गीत पेश करते कलाकार। ● अमृत विचार

# चैती मेला में कलाकारों ने मचाया धमाल

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** छोटी काशी के ऐतिहासिक मेला चैती के 11वें दिन सांस्कृतिक मंच पर पंजाबी नाइट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों ने गिद्दा, भंगड़ा, पंजाबी गीत प्रस्तुत कर सभी को झूमने, नाचने पर मजबूर कर दिया।

कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि चीफ कोऑर्डिनेटर एफ्जा अनुराग सारथी, कार्यक्रम अध्यक्ष सेवादार सुखविंदर सिंह टोनी एवं विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान रंजीत सिंह, गुरमीत सिंह, मंजीत सिंह, संदीप शुक्ला, पंकज मिश्रा आदि विशिष्ट अतिथि रहे। नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने अतिथियों का स्वागत किया। पश्चात पंजाब के गुरदासपुर से आए डायमंड जट म्यूजिकल ग्रुप के सिंगर डायमंड जट ने धमाकेदार प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। उनके पंजाबी गीतों पर दर्शक देर रात तक झूमते रहे। इसके बाद डायमंड जट और रमन जोत ने डुएट गीतों से समां बांध दिया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।



गोला के चैती मेला के मंच पर दीप प्रज्वलित करते मुख्य अतिथि अनुराग सारथी।

● **पंजाब के कलाकारों ने पंजाबी गीत, भांगड़ा प्रस्तुत कर दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध**

9 अप्रैल को चैती मेले के सांस्कृतिक मंच पर धन निरंकार सत्संग का आयोजन सायं 7 बजे से।

साथी कलाकारों में हनी जोत सिंधू, पलक जोत मट्टू, रमन जोत मट्टू, प्रीत गिल और गोरा गिल ने भी शानदार प्रस्तुतियां दीं। वहीं राजा खुराना म्यूजिक ग्रुप के कलाकारों ने वाद्य यंत्रों पर बेहतरीन संगत कर कार्यक्रम को और आकर्षक बना दिया।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. पियूष शुक्ला, अजय शुक्ला, हरिओम श्रीवास्तव, हरजिंदर सिंह, मतीन अहमद, नरेंद्र अग्निहोत्री, अतीश त्रिवेदी, प्रवीण वाजपेयी, सूर्य प्रकाश मिश्रा, राजदीप शुक्ला, आशीष मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# तीन शातिर चोर गिरफ्तार, नकदी और असलहे बरामद

संवाददाता, मितौली

**अमृत विचारः** थाना मितौली पुलिस ने क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक महेश पाठक ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रामलखन, हेमराज और भाऊ उर्फ रामासरे निवासी कनाखेड़ा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी हुआ एक गैस सिलेंडर, 9,800 रुपये नकद एक देशी बंदूक और दो तमंचे व कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान भेजा है।

# दुर्लभ डाक टिकट संग्रह के लिए महेश पटवारी सम्मानित



महेश पटवारी को सम्मानित करते निरीक्षक अनिमेश राय।

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** नगर के एकमात्र दुर्लभ डाक टिकट संग्रहकर्ता महेश कुमार पटवारी को गोला उपमंडल के डाकघर निरीक्षक अनिमेश राय ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर जारी भारतीय डाक टिकट का सेट भेंट कर सम्मानित किया।

उपमंडल निरीक्षक अनिमेष राय ने बताया यह विशेष सेट श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर विशेष रूप से भारतीय डाक विभाग द्वारा जारी किया गया है, जिसमें एक टिकट श्रीराम मंदिर का है और पांच टिकट रामायण से संबंधित हैं। सभी टिकटों पर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर अंकित है। यह स्मृति चिह्न जिस डिब्बे पर पैक हैं उस पर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर भारतीय डाक टिकट के साथ अशोक की लाट भी छपी है। सभी डाक टिकटों पर 5 रुपये का मूल्य भी अंकित है। सामाजिक कार्यकर्ता महेश कुमार पटवारी ने सम्मान से अभिभूत होकर इसे अपने जीवन की स्वर्णिम उपलब्धि बताया है।

# मोमोज खाने के बाद छात्र की हालत बिगड़ी, मौत

**मोहम्मदी, अमृत विचारः** नगर पंचायत बरवर निवासी साहिल का पुत्र हसनेन (10) शाम बाजार में मोमोज खाने गया था। घर लौटने पर कुछ ही देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। उसे लगातार उल्टी-दस्त और बेचैनी हो गई। परिजन घबरा गए और आनन-फानन में नगर के निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए दूसरे निजी अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन वहां इलाज शुरू होने से पहले ही मासूम ने दम तोड़ दिया। बच्चे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार कर दिया। परिजनों के अनुसार, हसनेन पढ़ाई में रुचि रखने वाला होनहार बच्चा था और मदरसे में कक्षा दो का छात्र था।। घटना के बाद नगर में संचालित मोमोज की अधिकांश दुकानें बंद दिखीं। वहीं स्थानीय लोगों ने बाहर बिकने वाले फास्ट फूड की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाते हुए प्रशासन से जांच की मांग की है।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बरेली।
कार्यालय का पता :–विकास भवन, बरेली।
(ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना)

पत्रांक :–29/ग्रा0अ0वि0/निविदा/2026–27/ दिनांक :–01.04.2026

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदाएं प्रतिशत दर में श्रेणी ए0/बी0/सी0/डी0 में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो के लिए निविदा डाल सकता है :–

1. तालिका के अनुसार कार्यों का विवरण :–

| क्0सं0 | जनपद का नाम | प्रस्तावक का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख मे) (जीएसटी रहित) | धरोहर धनराशि (विड सिक्योरिटी) (लाख मे) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 मूल्य सहित रूपये मे) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सम्मिलित करते हुये) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| त्वरित आर्थिक विकास योजना वर्ष 2025–26 | | | | | | | |
| 1. | बरेली | श्री शहजिल इस्लाम मा0 विधायक भोजीपुरा | ग्राम टांडा विकास खण्ड शेरगढ में आर0बी0 डिग्री कालेज से मोहिउद्दीनपुर तक सडक का निर्माण कार्य। (वि0ख0–शेरगढ) | 30.46 | 0.61 | 2354 | 03 माह |
| 2. | बरेली | | ग्राम बंजरिया जागीर में पुलिया से भूरा के घर होते हुये मेन रोड तक एवं मो0 सलीम के घर से मो0 याकूब की दुकान तक सडक का निर्माण कार्य। (वि0ख0–भोजीपुरा) | 22.42 | 0.45 | 2354 | 03 माह |
| 3. | बरेली | | ग्राम डहिया में दन्ने उस्ताद के घर से नवी शेर खां के घर होते हुये धौरा–टांडा मार्ग तक सडक का निर्माण कार्य। (वि0ख0–भोजीपुरा) | 31.63 | 0.63 | 2354 | 03 माह |

2. आनलाइन निविदा उपलब्धता का दिनांक : 10.04.2026
3. आनलाइन निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक एवं समय : दिनांक 08.05.2026 मध्याहन 12.00 वजे तक
4. आनलाइन निविदा खुलने का दिनांक एवं समय : दिनांक 11.05.2026, अपरान्ह 12.30 वजे तक
5. अधोहस्ताक्षरी को आई वी टी क्लाज 9 के अनुसार अपरिहार्य परिस्थिति मे निविदा में आनलाइन संशोधन पत्र जारी करने का अधिकार प्राप्त है, जिसे किसी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा ,जिसकी जानकारी आनलाइन प्राप्त की जा सकेगी, अतएव समस्त निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि नियिमित रूप से निविदा पोर्टल पर जानकारी प्राप्त करते रहें।

अधिक जानकारी के लिये https://etender.up.nic.in लागिन करें एवं विड डाक्यूमेन्ट डाउनलोड करें।

(विनय कुमार शर्मा) अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–बरेली।
राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से

UP-249342 दिनांक 07.04.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बरेली।
कार्यालय का पता :–विकास भवन, बरेली।
(ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना)

पत्रांक :–25/ग्रा0अ0वि0/निविदा/2026–27/ दिनांक :–01.04.2026

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदाएं प्रतिशत दर में श्रेणी ए0/बी0/सी0/डी0 में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदादाता एक या एक से अधिक कार्यो के लिए निविदा डाल सकता है :–

1. तालिका के अनुसार कार्यों का विवरण :–

| क्0सं0 | जनपद का नाम | प्रस्तावक का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख मे) (जीएसटी रहित) | धरोहर धनराशि (विड सिक्योरिटी) (लाख मे) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 मूल्य सहित रूपये मे) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सम्मिलित करते हुये) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| त्वरित आर्थिक विकास योजना वर्ष 2025–26 | | | | | | | |
| 1. | बरेली | डा0 अरूण कुमार मा0 विधायक, नगर क्षेत्र | मो० बसंत बिहार में संध्या सक्सेना के घर में अनुज सक्सेना के घर तक सी० सी० व श्याम सिंह के घर से सियाराम सागर के घर तक एवं मो० बसंत बिहार में नरेन्द्र पाल सिंह के घर से श्री छोटे लाल मास्टर के घर तक तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य। (वि0ख0–नगर क्षेत्र) | 27.95 | 0.56 | 2354 | 03 माह |
| 2. | बरेली | | मो० बसंत विहार फेस–2 में श्री छोटे लाल के घर से जितेन्द्र मोहन जोशी के घर होते हुए, राजेन्द्र गंगवार के घर तक एवं लिंक गली पार्क से के०के० गुप्ता के घर तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य (वि0ख0–नगर क्षेत्र) | 24.72 | 0.66 | 2354 | 03 माह |
